डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2024-2026
लाइसेंस क्र. Tech/23-04/08/2024-2026
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सोमवार को प्रकाशित, सोमवार 26.02.2024 - वर्ष 03 05.2024 | वर्ष 41 | अंक 09 | मूल्य ₹ 10.00

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 50वें खजुराहो नृत्य महोत्सव के अवसर पर जनजातीय और लोक कला प्रशिक्षण के लिए देश के पहले गुरुकुल का भूमिपूजन किया।

खजुराहो में 1484 कथक नृत्य साधकों ने बनाया गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड

जनजातीय और लोक कला प्रशिक्षण के लिए खजुराहो में बनेगा देश का पहला गुरुकुल

भोपाल, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सम्पूर्ण भारत में सांस्कृतिक पुनरुत्थान का पर्व मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में भगवान नटराज महादेव को समर्पित साधना की यह उपलब्धि भारतीय संस्कृति का गौरव बन भावी पीढ़ी का मार्गदर्शन करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह बात 50वें खजुराहो नृत्य महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर कही। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि नृत्य आराधना परमात्मा की साधना का मार्ग है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की उपलब्धि को विशेष बनाते हुए खजुराहो में देश के पहले जनजातीय और लोक कलाओं के प्रशिक्षण के लिए गुरुकुल स्थापित करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुकुल में जनजातीय और ग्रामीण समुदायों की पारंपरिक कलाओं जैसे शिल्प, नृत्य, गायन, वादन, चित्र और उनके मौखिक साहित्य को वरिष्ठ गुरुओं के माध्यम से प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

कथक नृत्य साधकों ने बनाया रिकॉर्ड

विश्व धरोहर स्थल खजुराहो में राग बसंत की लय पर 1484 कथक नृत्य साधकों के थिरकते कदमों ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। प्राचीन वाद्य यंत्र नगाड़ा की ताल और नृतकों के घुंघरुओं की झंकार ने 50वें खजुराहो नृत्य समारोह की ऐतिहासिक उपलब्धि को यादगार बना दिया। इस अवसर पर संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, वन, पर्यावरण राज्यमंत्री श्री दिलीप अहिरवार, सांसद खजुराहो श्री वी.डी. शर्मा उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबर

मध्यप्रदेश ओलिंपिक संघ को 11 लाख रुपये की राशि जारी

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद' वर्ष 2023-24 की राशि में से मध्यप्रदेश ओलिंपिक संघ को 11 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। कलेक्टर भोपाल को मध्यप्रदेश ओलिंपिक संघ को भुगतान के लिए निर्देशित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समन्वय भवन में मध्यप्रदेश ओलिंपिक संघ के अभिनंदन समारोह में मध्यप्रदेश ओलिंपिक संघ को 11 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की थी।

नीट की प्रावीण्य सूची के आधार पर होगा प्रवेश

भोपाल, मध्यप्रदेश शासन के नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के बैचलर ऑफ वेटरनरी साइंस एंड एनिमल हसबेंडरी तथा बैचलर ऑफ फिशरीज साइंस पाठ्यक्रम के राज्य कोटा की सीटों पर वर्ष 2024-25 से नीट (NEET) की प्रावीण्य सूची के आधार पर प्रवेश होगा। इन पाठ्यक्रमों के लिए आगामी 9 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट https://exams.nta.ac.in/NEET पर किए जा सकते हैं। नीट प्रवेश परीक्षा 5 मई, 2024 रविवार को दोपहर 2:00 बजे से अपराह्न 5:20 तक होगी।

अतिथि शिक्षकों को मानदेय भुगतान करने के निर्देश

भोपाल, स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत अतिथि शिक्षकों को उनके मानदेय भुगतान के संबंध में आयुक्त लोक शिक्षण ने पत्र लिखकर निर्देश जारी किये हैं। यह पत्र स्कूल शिक्षा विभाग के समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों को लिखा गया है। कोषालय अधिकारियों द्वारा आईएफएमआईएस के आधार पर मिलान और परीक्षण कर केवल रिक्त पद के विरुद्ध ही विद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों के मानदेय का भुगतान किया जायेगा।

भीतर के पृष्ठों पर

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से कार्यक्रम में राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री हुए शामिल

मध्यप्रदेश के विश्वविद्यालयों को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दी ₹ 400 करोड़ की सौगातें

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जम्मू से परियोजनाओं के डिजिटल लॉन्च में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, बरकतउल्ला विवि के ज्ञान विज्ञान भवन से शामिल हुए

भोपाल, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान अंतर्गत जम्मू से परियोजनाओं के डिजिटल लॉन्च कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के ज्ञान विज्ञान भवन से शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के विश्वविद्यालयों को 400 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है।

नवाचार, अनुसंधान और अधोसंरचना विकास

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इस राशि से विश्वविद्यालयों में नवाचार, अनुसंधान और अधोसंरचना विकास के कार्य सम्पन्न हो सकेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा बेहतर उच्च शिक्षा के लिए दिए गए सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रदेश उनकी आशाओं और अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा और हम प्रदेश को देश के शीर्ष राज्यों में शामिल करेंगे। जम्मू-कश्मीर को प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा दी गई सौगातों से विकास के नए युग का आरंभ होगा। देश की एकता, अखण्डता के लिए उनका यह योगदान अविस्मरणीय रहेगा।

मध्यप्रदेश में खेल के विकास की बहुत संभावनाएं हैं

भोपाल, मध्यप्रदेश खेलों के क्षेत्र में पूरे देश में आगे जाएगा। राज्य सरकार से खेलों के लिए मूलभूत सुविधाएं तो मिल ही रही हैं, भविष्य में खिलाड़ियों को और अधिक सुविधाएं दी जाएंगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। खिलाड़ी सभी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश ओलिंपिक संघ द्वारा समन्वय भवन में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में खेल प्रशिक्षकों को पदोन्नत करने का निर्णय लिया है, हर जिले में एक एक्सीलेंस कॉलेज बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश में 2036 और 2040 के ओलिंपिक खेलों की तैयारी भी अभी से शुरू कर दी गई है।

नई शिक्षा नीति में खेल को पाठ्यक्रम बनाया

इस्कॉन के 'प्राईड ऑफ उज्जैन सम्मान' से सम्मानित हुए मुख्यमंत्री

उज्जैन, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को उज्जैन प्रवास के दौरान इस्कॉन द्वारा प्राईड ऑफ उज्जैन सम्मान से सम्मानित किया गया। इस्कॉन की स्थापना की 18वीं वर्षगांठ पर मुख्यमंत्री ने इस्कॉन के श्री भक्तिचारू महाराज की समाधि को नमन किया। मुख्यमंत्री ने इस्कॉन मन्दिर पहुंचकर श्री राधा मदनमोहन के दर्शन किये और आरती की।

प्रधानमंत्री मध्यप्रदेश को देंगे कई सौगातें

भोपाल, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 29 फरवरी को विकसित भारत की तर्ज पर विकसित मध्यप्रदेश के विशेष कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होंगे। कार्यक्रम का करीब पांच सौ स्थानों पर सजीव प्रसारण भी होगा। जनहितैषी योजनाओं से जुड़े कार्यक्रम में नागरिकों की भागीदारी उल्लास और उमंग के वातावरण में होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन में राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी वीडियो कांफ्रेंस द्वारा प्राप्त की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्पूर्ण कार्यक्रम अनुशासन, गरिमा और शालीनता का प्रतीक होना चाहिए। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विकसित भारत के लिए ठोस कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति के लिए अधिक से अधिक योगदान देगा। मध्यप्रदेश में सायबर तहसीलों का लोकार्पण एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेश में गत एक माह में राजस्व महाअभियान में एक लाख 90 हजार प्रकरणों का निपटारा किया गया है। इसी तरह आम लोगों की विभिन्न समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है। विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास से प्रदेश के नागरिक बड़ी संख्या में लाभान्वित होंगे।

औद्योगिक विकास और आर्थिक विकास के लिए

उज्जैन में क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन से निवेश के अवसरों में होगी वृद्धि

भोपाल, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक सौंदर्य एवं संसाधनों से भरपूर राज्य मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास और आर्थिक विकास में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व में, ऐतिहासिक शहर उज्जैन में 1 और 2 मार्च 2024 को 'क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन' के माध्यम से निवेश की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए एक महत्वाकांक्षी मिशन शुरू किया जा रहा है।

कृषि, डेयरी और खाद्य प्रसंस्करण, फार्मा, पर्यटन, अत्याधुनिक स्टार्ट-अप की अपार संभावनाएं हैं। राज्य का कैनवास एक नए निवेश और औद्योगिक चित्र को चित्रित करने के लिए तैयार है, जिसमें क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन से उन निवेशकों को आकर्षित करना है जो मध्यप्रदेश को पहचानते हैं। सम्मेलन में प्रस्तुतियां ही नहीं होंगी, बल्कि संपर्क भी स्थापित किया जाएगा। उद्यमी, उद्योगपति और नीति निर्माता सहयोग और सामंजस्य के लिए जुटेंगे।

नेटवर्किंग के अवसर सुगम होंगे

सम्मेलन में मध्यप्रदेश के प्रमुख क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं का पता लगाया जाएगा, जिसमें उद्योग विशेषज्ञों, अधिकारियों और हितधारकों के साथ पैनल चर्चाएं होंगी। विशेष रूप से, सम्मेलन न केवल स्थानीय निवेशकों बल्कि अन्य राज्यों के प्रतिभागियों को भी आकर्षित करेगा। इसके अतिरिक्त, एक प्रदर्शनी व्यवसायों को अपने उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगी, जिससे संभावित निवेशकों और भागीदारों के लिए नेटवर्किंग के अवसर सुगम होंगे।

17 फरवरी

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने राष्ट्रपति को सौंपी वार्षिक रिपोर्ट

● राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के उपाध्यक्ष (प्रभारी

अध्यक्ष) श्री अरुण हालदार ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को आयोग की वार्षिक रिपोर्ट-2022-23 सौंपी। इस रिपोर्ट में भारत के संविधान में निहित अनुसूचित जातियों के संवैधानिक रक्षा उपायों की सुरक्षा के संबंध में आयोग को सौंपे गए मुद्दों पर विभिन्न संस्तुतियां शामिल हैं। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग राष्ट्रपति को वार्षिक रूप से और ऐसे अन्य समय पर जब आयोग उचित समझे रिपोर्ट प्रस्तुत करता है।

● रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने 84,560 करोड़ रुपये के पूंजी अधिग्रहण रक्षा प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह मंजूरी दी गई। डीएसी ने भूकंपीय सेंसर और रिमोट डीएक्टिवेशन के प्रावधान से सुसज्जित नई पीढ़ी की टैंक रोधी बारूदी सुरंगों के सरकारी अधिग्रहण के लिए स्वीकृति प्रदान की। कैनिस्टर लॉन्च्ड एंटी-आर्मर लोइटर म्यूनिशन सिस्टम की खरीद के लिए भी अनुमति प्रदान की गई। परिषद ने वायु रक्षा सामरिक नियंत्रण रडार की खरीद को भी मंजूरी दी। यह वायु रक्षा प्रणालियों को सशक्त करने के साथ विशेष रूप से धीमी, छोटी और कम उड़ान वाले लक्ष्यों का पता लगाने की क्षमताओं, विभिन्न लक्ष्यों की निगरानी, पहचान आदि में उपयोगी है।

18 फरवरी

युवा विज्ञानी कार्यक्रम यूविका-2024 की घोषणा

● भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) स्कूली बच्चों के लिए 'यंग

साइंटिस्ट प्रोग्राम' (युवा विज्ञानी कार्यक्रम-युविका) का आयोजन कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य युवा छात्रों में अंतरिक्ष विज्ञान, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अनुप्रयोगों पर बुनियादी ज्ञान प्रदान करना है। इसरो ने इस कार्यक्रम की रूपरेखा 'युवाओं को जोड़ो' प्रतीक के साथ तैयार की है। युविका-2024 के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया 20 मार्च, 2024 तक आयोजित की जाएगी। इच्छुक छात्र इसरो अंतरिक्ष जिज्ञासा प्लेटफॉर्म https://jigyasa.iirs.gov.in/registration पर पंजीकरण कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इसरो को युविका- 2023 के आयोजन के लिए उत्साहपूर्ण सहयोग मिला। भारत के सभी क्षेत्रों से 1.25 लाख से अधिक छात्रों ने युविका-2023 के लिए पंजीकरण कराया था। छात्रों का चयन सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से उनकी पिछली परीक्षा में प्राप्त अंकों, सह-पाठ्यचर्या और पाठ्येत्तर गतिविधियों के आधार पर किया जाता है।

● हरियाणा के फरीदाबाद में 37वां सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। इस बार 10 लाख से ज्यादा पर्यटकों ने मेले का आनंद लिया। इनमें भारत के अलावा पचास देशों से आये पर्यटक भी शामिल थे। जिनमें कोमोरोस, इथियोपिया, गाम्बिया, घाना, केन्या, नाइजीरिया और सेनेगल प्रमुख रूप से शामिल रहे। मेले में तंजानिया ने 'साझेदार राष्ट्र' के रूप में हिस्सा लिया।

● राजधानी नई दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले का समापन हो गया। इस बार 15 लाख से अधिक देशी-विदेशी पुस्तक प्रेमियों ने मेले में शिरकत की। इस बार पुस्तक मेले का विषय 'बहुभाषी भारत : एक जीवंत परंपरा' था। मेले में सऊदी अरब ने अतिथि देश के रूप में हिस्सा लिया। मेले में एक हजार से अधिक प्रकाशकों ने दो हजार से अधिक स्टॉल लगाए थे। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा आयोजित यह पुस्तक मेला 10 फरवरी को शुरू हुआ था।

19 फरवरी

वर्ष 2047 तक 35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य

● भारत के जी-20 शेरपा श्री अमिताभ कांत ने कहा है कि देश ने अगले तीन



दशक में नौ से 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वर्ष 2047 तक 35 ट्रिलियन डॉलर और वर्ष 2030 तक 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा कि युवा उद्यमियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, लॉजिस्टिक्स, स्वास्थ्य और शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए।

● सरकार ने भारतीय खाद्य निगम की अधिकृत पूंजी 10,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 21,000 करोड़ रुपये करने का ऐतिहासिक फैसला किया है। इससे कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने और संपूर्ण देश में किसान-कल्याण सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। यह कदम किसानों को समर्थन देने और भारत की कृषि अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खाद्यान्न की खरीद, रणनीतिक खाद्यान्न भंडार के रखरखाव, राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को वितरण और बाजार में खाद्यान्न की कीमतों को स्थिर रखने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों में उल्लेखनीय भूमिका निभाता है। पूंजी के इस प्रवाह के साथ भारतीय खाद्य निगम अपनी भंडारण सुविधाओं का आधुनिकीकरण, परिवहन नेटवर्क में सुधार और उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर भी काम करेगा। ये उपाय न केवल फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करेंगे, बल्कि उपभोक्ताओं को खाद्यान्न का कुशल वितरण भी सुनिश्चित करेंगे।

● भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट बैंक की सेवाओं की अवधि 29 फरवरी से बढ़ाकर 15 मार्च कर दी है। आरबीआई ने कहा कि उपभोक्ता 15 मार्च 2024 तक जमा, क्रेडिट लेनदेन, प्रीपेड सेवाएं, वॉलेट, फास्टैग और नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड का प्रयोग कर सकते हैं। आरबीआई के अनुसार 15 मार्च के बाद खाते में जमा, क्रेडिट लेनदेन या टॉप-अप की अनुमति नहीं दी जाएगी।

20 फरवरी

आईआरईडीए और पंजाब नेशनल बैंक के बीच समझौता

● भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (आईआरईडीए) और पंजाब

नेशनल बैंक (पीएनबी) ने एक समझौता किया है। यह समझौता देशभर में अक्षय ऊर्जा पहल को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है। इस पर आईआरईडीए के महाप्रबंधक डॉ. आर.सी. शर्मा और पीएनबी के मुख्य महाप्रबंधक श्री राजीव ने हस्ताक्षर किए। इसमें अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं की मदद के लिए विभिन्न प्रावधान शामिल किए गए हैं। इनमें संयुक्त ऋण, ऋण सहायता और जोखिम अंकन, आईआरईडीए उधारकर्ताओं के लिए ट्रस्ट और रिटेंशन अकाउंट (टीआरए) का प्रबंधन और आईआरईडीए उधार पर मूल्य निर्धारण सहित मंजूरी की प्रतिस्पर्धी शर्तों की दिशा में काम करना शामिल है। यह समझौता ज्ञापन देश भर में अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए सह-ऋण और ऋण सहायता पर केंद्रित है।

● मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग के दल ने बिहार में राष्ट्रीय और मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श किया। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने आगामी लोकसभा चुनाव के संबंध में राजनीतिक दलों से उनकी प्रतिक्रियाएं, सुझाव और शिकायतें प्राप्त कीं। बैठक के बाद आयोग के दल ने जिलाधिकारियों सहित जिला निर्वाचन पदाधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों, मंडल आयुक्तों, पुलिस महानिरीक्षक और विभिन्न क्षेत्रों के पुलिस उप महानिरीक्षकों के साथ भी बातचीत की। इस दौरान मतदाता सूची, मतदान केंद्रों, मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए सुविधाओं और सुरक्षा संबंधी मामलों पर चर्चा हुई।

21 फरवरी

देश की श्रम-शक्ति में बढ़ी महिलाओं की भागीदारी

● देश में श्रम कार्य में महिलाओं की भागीदारी 23 प्रतिशत से बढ़कर 37 प्रतिशत हो गई है। श्रम एवं रोज़गार सचिव सुश्री आरती आहूजा ने महिला श्रम कार्य पर नवीनतम आवधिक श्रम कार्य सर्वेक्षण डेटा का हवाला देते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे

देश की आबादी बढ़ रही है, भारत को प्रतिभाशाली, प्रेरित और मेहनती महिला कार्यबल को पचास प्रतिशत तक बढ़ाने की जरूरत है।

● केंद्र सरकार ने 50 और अमृत भारत रेलगाड़ियां चलाने की मंजूरी दी है। रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार अमृत भारत रेलगाड़ियों की सफलता के बाद यह निर्णय लिया गया है। अमृत भारत रेलगाड़ी एक एलएचबी पुश रेलगाड़ी है, जिसमें गैर-वातानुकूलित डिब्बे हैं। इस रेलगाड़ी में बेहतर गति के लिए दोनों ओर लोको लगाए गए हैं। इस रेलगाड़ी में यात्रियों के लिए सुंदर और आकर्षक डिजाइन की सीट, सामान रखने के बेहतर रैक, समुचित मोबाइल होल्डर के साथ मोबाइल चार्जिंग पाइंट, एलईडी लाइट, सीसी टीवी, सार्वजनिक सूचना प्रणाली तथा अन्य सुविधाएं भी हैं।

22 फरवरी

मराठा आरक्षण बिल 2024 पारित

● महाराष्ट्र विधानमंडल ने मराठा आरक्षण

बिल 2024 पारित कर दिया है। विधानसभा और विधान परिषद दोनों सदनों में मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे ने यह विधेयक रखा। इससे शिक्षा और नौकरियों में मराठा समुदाय के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। महाराष्ट्र सरकार ने मराठा समुदाय के पिछड़ेपन की जांच के लिए नियुक्त शुक्रे आयोग की रिपोर्ट स्वीकार कर ली है। मुंबई में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में ड्राफ्ट रिपोर्ट को मंजूरी दी गई।

● न्यूजीलैंड की रॉयल नेवी के नौसेना प्रमुख आरएडीएम डेविड प्रॉक्टर 27 फरवरी 2024 तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। आरएडीएम डेविड प्रॉक्टर की भारत यात्रा वाणिज्यिक तथा असैन्य जहाजों की पहचान, स्थान व आवाजाही पर डेटा साझा करने पर तकनीकी व्यवस्था के निष्कर्ष को प्रदर्शित करती है। इसके अलावा दोनों देशों की नौसेनाओं के युद्धपोत एक-दूसरे के बंदरगाहों पर नियमित रूप से पोर्ट कॉल कर रहे हैं। भारतीय नौसेना की तरफ से आखिरी बार 23 सितंबर को आईएनएस कोलकाता और आईएनएस सह्याद्री द्वारा ऑकलैंड तथा वेलिंगटन में पोर्ट कॉल किया गया था। भारतीय नौसेना के जहाजों ने प्रस्थान के बाद तस्मान सागर में आरएनजेडएन और आरएनजेडएफ के साथ अभ्यास पासेक्स का भी आयोजन किया।

23 फरवरी

सरकार ने बढ़ाई गन्ने की एफआरपी

● सरकार ने गन्ने का उचित और

लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 340 रुपये प्रति क्विंटल करने की मंजूरी दी है। यह गन्ने की ऐतिहासिक कीमत है। यह चालू मौसम 2023-24 के लिए गन्ने की एफआरपी से लगभग 8 प्रतिशत अधिक है। संशोधित एफआरपी 01 अक्टूबर 2024 से लागू होगी। सरकार के इस फैसले से 5 करोड़ से अधिक गन्ना किसानों (परिवार के सदस्यों सहित) और चीनी क्षेत्र से जुड़े लाखों अन्य लोगों को फायदा होगा।

● सरकार इस वर्ष जुलाई तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के लिए विनियामक ढांचे का मसौदा जारी करेगी। यह जानकारी देते हुए केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री श्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार इस मसौदे पर कार्य कर रही है, जो जून या जुलाई तक जारी कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य आर्थिक वृद्धि के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की क्षमताओं का उपयोग करना और जोखिम तथा हानि की आशंका को कम करना है। उन्होंने ऐसी वैश्विक शासन रूपरेखा के महत्व पर बल दिया जो सुरक्षा और विश्वास के साथ एआई का उपयोग कर सके।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

REQUIRED
Smart young higher educated with 5yrs. exp. should have excellent command over Hindi & English and possess good communication skills. PRINCIPAL
ASST. PROFESSOR/LECTURER
SPORT TEACHER/LIBRARIAN
SUBJECT - BSC (Seeds Technology & Horticulture)
B.COM (Computer Application & Taxation), BSW
Qualification/Experience as per UGC/AICTE/DAVV Norms, (NET, M.PHIL)
Please send complete CV with passport size photograph within 7 days
JOIN THE LEADER TO MAKE DIFFERENCE
SHAKUNTALA COLLEGE
Affiliated by DAVV Indore & MP Higher Education Bhopal
E-mail : collegeshakuntalamahavidyalaya@gmail.com
Contact No. 8989899345, 9425486843
Block 1, Near Sitalamata Mandir, Metro Parisar, Thandla, Dist. Jhabua (M.P.)
R-49530/2024

APPOINTMENTS
We are a leading college of Indore inviting applications for selection under College Code 28.
CHIEF COORDINATOR ADMISSIONS
MANAGER ADMISSION & PROMOTION
SENIOR COUNSELOR
COUNSELOR
SR. MARKETING EXEC.
TELECALLER (F)
Experienced Candidates Preferred. Salary Package up to RS. 8 LPA Plus Attractive Incentives
PRINCIPAL, PROFESSOR, ASSO. PROFESSOR, ASST. PROFESSOR
Subject: Management (HR, Finance, Marketing), Business Analytics, Commerce, Taxation, IT (Computer Skills), Business Statistics, Business Maths, Economics, Sociology, Political Science, History, English, Hindi, Personality Development.
NON-TEACHING STAFF
Training & Placement Officer, IT Manager, Cashier, Front Office Manager, Back Office Manager, Front Office Executive, Supervisor, Junior Supervisor, Librarian, Asst. Librarian, Book Lifter, Computer Operator, Housekeeping Agency.
hrradiantinstitute@gmail.com 88899 79200, 79098 88803
RADIANT
INSTITUTE OF MANAGEMENT & SCIENCE
Near Phoenix Citadel Mall, Indore-Dewas Bypass Road, Nipania, Indore - 452016
R-49531/2024

वर्ष 41, अंक 09 26.02.2024 से 03.03.2024
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - संदीप यादव
● सम्पादक - रंजना चितले
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
● आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

वैश्विक उपलब्धियों के नक्शे पर मध्यप्रदेश की मजबूत सहभागिता

देश की हृदयस्थली मध्यप्रदेश विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए विकसित मध्यप्रदेश की राह पर अग्रसर है। मध्यप्रदेश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल मार्गदर्शन में निरंतर विकास की नई इबारत लिख रहा है। कृषि, शिक्षा, चिकित्सा, रोज़गार, स्व-रोज़गार, अधोसंरचना सहित महिला सशक्तिकरण की दिशा में अग्रणी मध्यप्रदेश कला के क्षेत्र में निरंतर नई उपलब्धियां अर्जित कर रहा है। विगत सप्ताह मध्यप्रदेश ने कला के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि अर्जित करते हुए विश्व रिकॉर्ड बनाया है। दरअसल मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग की इकाई संस्कृति परिषद के अंतर्गत संचालित उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी की ओर से विश्व धरोहर स्थल खजुराहो में हुए 50वें खजुराहो अंतर्राष्ट्रीय नृत्य समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। इस समारोह में प्राचीन वाद्य यंत्र नगाड़ा की ताल और नृतकों के घुंघरुओं की झंकार ने ऐतिहासिक उपलब्धि अर्जित करते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड रच दिया है। राग बसंत की लय पर 1484 कथक नृत्य साधकों के थिरकते कदमों ने प्रदेश के नाम एक और उपलब्धि दर्ज करवा दी है। यह पहला अवसर नहीं है जब मध्यप्रदेश ने कला संस्कृति के क्षेत्र में कोई उपलब्धि प्राप्त की हो। कुछ माह पूर्व ही विश्व संगीत नगरी ग्वालियर में हुए तानसेन समारोह के अंतर्गत ताल दरबार कार्यक्रम में एक साथ 1,282 तबला वादकों की प्रस्तुति ने 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' में मध्यप्रदेश का कीर्तिमान स्थापित किया था। उपलब्धियों के इस क्रम को आगे बढ़ाते हुए आगामी 9 अप्रैल को मध्यप्रदेश में एक बार फिर विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। यह रिकॉर्ड मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में महाकाल की नगरी उज्जैन में होने जा रहे दीपोत्सव कार्यक्रम में बनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में 27 लाख दीप प्रज्ज्वलित किये जायेंगे। खास बात यह है कि इसमें 25 हजार वॉलेंटियर, 200 से ज्यादा सामाजिक संगठन, एनएसएस, एनसीसी के छात्र, सामाजिक कार्यकर्ता, आमजन मिलकर क्षिप्रा नदी के सभी घाटों पर दीप प्रज्ज्वलन करेंगे। इस उपलब्धि को लेकर मुख्यमंत्री ने उज्जैन में कार्यक्रम के लिए गठित परामर्शदात्री समिति की बैठक में तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान समिति के सदस्यों को प्रोत्साहित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अच्छे काम की शुरुआत होते ही लोग जुड़ते चले जाते हैं। भारतीय संस्कृति में दीप प्रज्ज्वलन की परम्परा है दीप ज्योति, परमात्मा से जोड़ती है। आगामी 9 अप्रैल को गुड़ी पड़वा एवं उज्जैन गौरव दिवस के अवसर पर शिवज्योति अर्पणम कार्यक्रम में सहभागी बनकर धार्मिक, सांस्कृतिक परम्परा को समृद्ध करने का प्रदेश के लोगों से आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से आह्वान किया है कि वे शिवज्योति अर्पणम कार्यक्रम में उज्जैन के सभी धर्मप्राण नागरिक सहभागी बनकर विश्व रिकॉर्ड बनाने में सहयोग करें। कार्यक्रम के अंतर्गत भूखी माता मन्दिर घाट पर भी दीप प्रज्ज्वलन करने की योजना है। इसके साथ ही रामघाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, सार्वजनिक स्थलों एवं घर-घर दीप प्रज्ज्वलन कर इस दीपोत्सव को उज्जैनवासी यादगार और ऐतिहासिक बनायेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब विक्रमोत्सव 20 वर्ष पहले शुरू किया गया था तो बहुत छोटा स्वरूप था। उज्जैन के नागरिकों के सहयोग से इस आयोजन ने आज भव्य स्वरूप ले लिया है। उन्होंने कहा कि उज्जैन को विक्रमादित्य के रूप में ऐसा राजा मिला जो विपरीत परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेने का सामर्थ्य रखते थे। विक्रमादित्य के गौरवशाली इतिहास को बताते हुए उन्होंने कहा कि आज रूस और अमेरिका जैसे महाशक्तिशाली देश भी सनातन संस्कृति की वजह से भारत का सम्मान करते हैं। इसका श्रेय देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को जाता है।

यूनिवर्सिटी ऑफ सनशाइन कोस्ट के शोधकर्ताओं ने की पांच प्रजाति के जीवों की खोज

विगत दिनों हुए एक शोध में ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ सनशाइन कोस्ट के शोधकर्ताओं को एक बड़ी सफलता मिली है। शोधकर्ताओं के इस समूह को एक नई जाति और पांच तरह की प्रजाति के जीव प्राप्त हुए हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार पृथ्वी पर अभी भी कुछ प्रजातियां ऐसी हैं, जो वैज्ञानिकों की नजरों से छुपी हुई हैं। ये अनेक पैरों वाले जीव या कनखजूरा (मिलीपैड्स) की प्रजातियां हैं, जो तंजानिया के जंगलों में पाई गई हैं। यह शोध साउथ ईस्ट अफ्रीका के जंगलों में किया गया है। दरअसल उडजुंग्वा के पहाड़ों में शोधकर्ता पेड़ों और बेलों के विकास के बारे में जानकारी जुटा रहे थे। यूनिवर्सिटी ऑफ सनशाइन कोस्ट में प्रोफेसर एंडी मार्शेल के अनुसार मिलीपैड्स के सिर स्टार वार्स सीरीज के किरदार की तरह दिखाई देते हैं। इनके लगभग 200 पैर बताए गए हैं और ये साइज में कई सेंटीमीटर लंबे हैं। अफ्रीका में पाए जाने वाले मिलीपैड्स 14 इंच से लेकर 35 सेंटीमीटर तक हो सकते हैं।

शोधकर्ताओं के अनुसार इनकी मदद से जंगलों की रिकवरी में बेल की भूमिका की दो अलग-अलग थ्योरीज का पता चलता है। पहली, यह बेल जंगल में एक बैंडेज की तरह काम कर रही हैं जो इसमें हुए घाव को बचाती है। अथवा किसी परजीवी की तरह काम करती हैं जो जंगल को नुकसान पहुंचाने का काम कर रही हैं। शोध के दौरान उन्होंने सभी आकार के मिलीपैड्स की जानकारी एकत्र की। दरअसल यह मिलीपैड्स बताते हैं कि जंगल का स्वास्थ्य कैसा है।

प्रोफेसर मार्शेल के अनुसार ध्यान देने वाली बात यह है कि जब पहले मिलीपैड्स को इस क्षेत्र से इकट्ठा किया गया था तब ये प्रजातियां दिखाई नहीं दी थीं। लेकिन उन्हें उम्मीद है कि अभी भी यहां कुछ नया मिल सकता है। उन्होंने कहा कि मिलीपैड्स की नई प्रजातियों का मिलना इस बात को दर्शाता है कि ऊष्णकटिबंधीय जंगलों के बारे में अभी भी बहुत कुछ जानना बाकी है।

- विकास तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं)

लखपति दीदी योजना

देश की तीन करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने की पहल

देशभर में राष्ट्रीय आजीविका मिशन द्वारा बनाए गए महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा आर्थिक स्वावलम्बन की दिशा में बड़ा परिवर्तन धरातल पर दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश की आधी आबादी के सशक्तिकरण और आर्थिक उन्नयन के लिए लखपति दीदी योजना का लक्ष्य निर्धारित किया है। केन्द्र के अंतरिम बजट में देश की तीन करोड़ स्व-सहायता समूह की महिलाओं को लखपति बनाये जाने का उल्लेख किया गया। यह लक्ष्य देश के सुदूर अंचलों में रहने वाली ग्रामीण बहनों, वंचितों तथा गरीबों के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन लायेगा। यह देश की आधारभूत इकाई के आर्थिक सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण प्रयास है। इस समय देश में लगभग 10 करोड़ से अधिक ग्रामीण महिलाएं स्व-सहायता समूह से जुड़ी हुई हैं तथा वर्तमान में लगभग एक करोड़ महिलाएं लखपति हैं। लखपति दीदी योजना के नये लक्ष्य से आर्थिक रूप से वंचित श्रेणी की महिलाओं के लिए समृद्धि के द्वार खुल जायेंगे। यह महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कारगर अवसर है। जो महिलाएं स्व-सहायता समूह से जुड़ी हैं वे इस योजना का लाभ लेकर लखपति बन सकती हैं।

कौन ले सकता है योजना का लाभ

स्व-सहायता समूह से जुड़ी देश की कोई भी महिला इस योजना का लाभ ले सकती है। इसके लिए कोई आयु सीमा निर्धारित नहीं है।

क्या है लखपति दीदी योजना

इस योजना में ऐसे परिवारों को प्रोत्साहित किया जाता है, जिनकी मासिक आय लगभग 7-8 हजार रुपये महीने तक पहुंच चुकी है। इन परिवारों की आय बढ़ाकर 10 हजार मासिक तक पहुंचाने के लिए विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया जाता है। इसके लिए विभिन्न विभागों के साथ अभिसरण किया जा रहा है। इस योजना के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए महिलाएं स्व-सहायता समूह से जुड़कर आरंभ से भी अपनी आय बढ़ाने का प्रयास कर सकती हैं।

कैसे दिया जाता है लाभ

इस योजना में समूह से जुड़े परिवारों के जो भी सदस्य स्व-रोज़गार करने के योग्य हैं, उनकी रुचि तथा क्षमता अनुसार मांग की संभावना को ध्यान में रखते हुए मिशन द्वारा सहायता प्रदान की जाती है। समूह सदस्यों की दक्षता संवर्धन के लिए लगातार प्रशिक्षण, मार्गदर्शक तथा सहयोग के साथ-साथ वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। अब तक स्व-सहायता समूह की 2 करोड़ महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया गया है। अब इसका दायरा बढ़ाकर 3 करोड़ कर दिया गया है।

कैसे किया जाता है आवेदन

लखपति दीदी योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए हितग्राही को महिला स्व-सहायता समूह का सदस्य होना आवश्यक है। स्व-सहायता समूह के माध्यम से बनायी गयी व्यवसाय योजना को राष्ट्रीय आजीविका मिशन के सहयोग से शासन को दिया जाता है। महिला के व्यवसाय की समीक्षा के बाद मांग अनुसार ऋण प्रदान किया जाता है।

क्या लाभ दिया जाता है योजना में

समूहों के माध्यम से विभिन्न प्रकार की गैर कृषि, पशुपालन, दुग्ध उत्पादन अथवा अन्य आजीविका गतिविधियों के लिए रिवाल्विंग फण्ड, सामुदायिक निवेश तथा बैंक ऋण आदि के माध्यम से वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। इसमें समूह को कम दर पर ब्याज ऋण तथा ब्याज में अनुदान प्रदान किया जाता है। हितग्राही को ऋण प्राप्त करने के लिए किसी प्रकार की गारंटी की आवश्यकता नहीं है।

स्व-सहायता समूह के क्रेडिट पर ही ऋण प्राप्त होता है। आजीविका गतिविधियों के लिए आजीविका मिशन द्वारा सहयोगात्मक मार्गदर्शन, रोज़गार तथा स्वरोज़गार प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। बैंक ऋण के अलावा हितग्राही की गतिविधि अनुसार विभिन्न विभागों के साथ कनवर्जन तथा जिला स्तर पर सहयोग से जोड़ा जाता है।

मध्यप्रदेश में लखपति दीदी योजना में किये गये प्रयास

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन शहरी तथा राष्ट्रीय आजीविका मिशन ग्रामीण को समाहित कर इसे दीनदयाल अंत्योदय योजना नाम दिया गया है। मध्यप्रदेश में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत प्रदेश में अब तक लगभग 5 लाख से अधिक स्व-सहायता समूह निर्मित किये गये हैं। इन समूहों से लगभग 62 लाख से अधिक परिवारों को जोड़ा गया है।

मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा कई वर्षों से महिला स्व-सहायता समूहों से जुड़े परिवारों की वार्षिक आय कम से कम एक लाख रुपये तक सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले परिवारों के सामाजिक, आर्थिक सशक्तिकरण के लिए उन्हें महिला समूहों के माध्यम से संगठित किया जा रहा है।

लखपति दीदी योजना के लिए लगभग 5 लाख स्व-सहायता समूहों से जोड़े गये लगभग 62 लाख परिवारों का सर्वे कर लखपति श्रेणी के परिवारों का चिन्हांकन किया जा रहा है। यह सर्वे भारत सरकार के लखपति दीदी एप से किया गया। समूहों से जुड़े परिवारों के अभी तक किये गये सर्वे में पाया गया कि प्रदेश में लगभग 15 लाख से अधिक परिवार लखपति की श्रेणी में आ गये हैं। अर्थात उनकी आय एक लाख या उससे अधिक है। शेष परिवारों को लखपति की श्रेणी में लाने के लिए उनकी आय बढ़ाने के लिए विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। लखपति दीदी चिन्हांकन के लिए किये गये प्रारंभिक सर्वे अनुसार प्रदेश में 61 हजार से एक लाख आय के 21 लाख से अधिक परिवार पाये गये जबकि लखपति दीदियों की संख्या लगभग 15 लाख से अधिक है। प्रदेश में चिह्नांकित लगभग 21 लाख दीदियों को लखपति की श्रेणी में लाने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

जिन दीदियों की आय 60 हजार से एक लाख अथवा लगभग 80 हजार है उन्हें वर्तमान आजीविका गतिविधियों के साथ अन्य गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। उन्हें ऐसे छोटे-छोटे उद्यमों से जोड़ा जा रहा है। जिनमें जोखिम कम हो, व्यवहारिक हो और उद्योग चलने की संभावना अधिक हो। क्षेत्र के परंपरागत साधन और ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से आय की श्रेणी बढ़ाने के निरंतर प्रयत्न जारी हैं। इसके लिए जैसा पूर्व में भी उल्लेख किया गया है बैंक लोन, विभागों के साथ कनवर्जन तथा जिले के साथ समन्वय से कार्य को गति प्रदान की जा रही है।

आजीविका मार्ट- स्व सहायता समूहों के उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री के लिए आजीविका मार्ट पोर्टल बनाया गया है। साथ ही प्रदेश स्तर पर भोपाल हाट में आजीविका मार्ट स्थापित किया गया है, जिसमें प्रदेश भर के स्व-सहायता समूह द्वारा निर्मित आजीविका उत्पाद उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश के 43 जिलों में भी आजीविका मार्ट खोले गए हैं।

दीदी कैफे

प्रदेश में लगभग 144 से अधिक दीदी कैफे संचालित हैं, जिसमें स्व-सहायता समूह के सदस्यों को अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है।

लखपति दीदी योजना का महत्व

इस योजना में देश भर के गरीब वंचित समूह की आय सलाना एक लाख करने का लक्ष्य है। सर्वे में जिन परिवारों की न्यूनतम मासिक आय 10 हजार रुपये से कम है अथवा वार्षिक आय एक लाख से कम है उनकी आय अर्जन के लिए चलने वाली गतिविधियों के साथ अन्य गतिविधियों को जोड़कर लक्ष्य पूर्ति की दिशा में कार्य हो रहा है। इस योजना में समूहों से जुड़े सभी परिवार गरीबी से मुक्त होकर लखपति की श्रेणी में आ जायेंगे। इससे महिलाओं का पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में सशक्तिकरण के साथ आत्मविश्वास निर्मित होगा। ग्रामीण दूरस्त क्षेत्र की महिलाएं आधुनिक तकनीक से जुड़ेंगी, जो विकसित भारत निर्माण का आधारभूत आधार बनकर उभरेंगी। प्राथमिक स्तर पर होने वाली यही आर्थिक प्रगति प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के देश को विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था निर्मित करने के लक्ष्य में सहभागी होगी।

हितेश शर्मा

(लेखक- सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)

आवश्यक दस्तावेज

- आधार कार्ड, समूह का पंजीयन क्रमांक।
- पेन कार्ड, एड्रेस प्रूफ, रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर, बैंक खाते का विवरण।
- पासपोर्ट साइज फोटो आदि जमा करने होते हैं।

भारतीय तटरक्षक बल में शामिल हों

(रक्षा मंत्रालय)

2025 बैच के लिए सहायक कमांडेंट-सामान्य ड्यूटी, तकनीकी (इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स) के रूप में आवेदन 'ऑनलाइन' स्वीकार किया जाएगा

19 फरवरी, 2024 (11:00 बजे) से 6 मार्च, 2024 (17:30 बजे) तक



1. भारतीय तटरक्षक बल, केंद्र का एक सशस्त्र बल, **सहायक कमांडेंट (समूह 'ए' राजपत्रित अधिकारी)** के रूप में विभिन्न शाखाओं के लिए युवा और गतिशील भारतीय पुरुष/महिला उम्मीदवारों को एक जीवंत कॅरियर प्रदान करता है. 'ऑनलाइन' आवेदन का पंजीकरण तटरक्षक भर्ती वेबसाइट **https://joinindiancoastguard.cdac.in** के माध्यम से होगा.

2. **पात्रता मानदंड :** निम्नलिखित न्यूनतम योग्यता रखने वाले भारतीय नागरिक आवेदन करने के पात्र हैं :-

क्र. सं.	शाखा	उम्र	लिंग	शैक्षिक योग्यता
(क)	**सामान्य ड्यूटी (जीडी)**	**01 जुलाई, 2024 को 21-25 वर्ष यानी 01 जुलाई, 1999 से 30 जून, 2003** के बीच जन्म (दोनों तिथियां सम्मिलित). (तटरक्षक बल या सेना/नौसेना/वायु सेना में समकक्ष कर्मियों के लिए 05 वर्ष की छूट)	पुरुष	**(i)** न्यूनतम 60 प्रतिशत कुल अंकों के साथ मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय की डिग्री होनी चाहिए. **(ii)** शिक्षा की 10+2+3 योजना के इंटरमीडिएट या बारहवीं कक्षा तक गणित और भौतिकी विषय के रूप में या गणित और भौतिकी में न्यूनतम 55 प्रतिशत कुल अंकों के साथ समकक्ष. जिन उम्मीदवारों ने डिप्लोमा के बाद स्नातक की पढ़ाई पूरी कर ली है, वे भी पात्र हैंए बशर्ते उनके पाठ्यक्रम में भौतिकी और गणित के साथ डिप्लोमा में कुल 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए.
(बी)	**तकनीकी (मैकेनिकल)**	**01 जुलाई, 2024 को 21-25 वर्ष यानी 01 जुलाई, 1999 से 30 जून, 2003 के बीच जन्म** (दोनों तिथियां सम्मिलित). (तटरक्षक बल कर्मियों के लिए 05 वर्ष की छूट)	पुरुष	**(i)** न्यूनतम 60 प्रतिशत कुल अंकों के साथ नौसेना वास्तुकला या मैकेनिकल या समुद्री या ऑटोमोटिव या मैक्ट्रोनिक्स या औद्योगिक और उत्पादन या धातुकर्म या डिज़ाइन या वैमानिकी या एयरोस्पेस में मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग की डिग्री होनी चाहिए. **या** इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) द्वारा मान्यताप्राप्त उपरोक्त किसी भी विषय में समकक्ष योग्यता, जिसे सेक्शन 'ए' और 'बी' और उनकी सहयोगी सदस्यता (एएमआईई) परीक्षा से छूट दी गई है. **(ii)** 10+2+3 शिक्षा योजना के इंटरमीडिएट या बारहवीं कक्षा तक गणित और भौतिकी विषय के रूप में या गणित और भौतिकी में न्यूनतम 55 प्रतिशत कुल अंकों के साथ समकक्ष. जिन उम्मीदवारों ने डिप्लोमा के बाद स्नातक की पढ़ाई पूरी कर ली है, वे भी पात्र हैं, बशर्ते उनके पाठ्यक्रम में भौतिकी और गणित के साथ डिप्लोमा में कुल 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए.
(सी)	**तकनीकी (इलेक्ट्रिकल/ इलेक्ट्रॉनिक्स)**	**01 जुलाई, 2024 को 21-25 वर्ष यानी 01 जुलाई, 1999 से 30 जून, 2003** (दोनों तिथियां सम्मिलित). (तटरक्षक बल कर्मियों के लिए 05 वर्ष की छूट)	पुरुष	**(i)** न्यूनतम 60 प्रतिशत कुल अंकों के साथ इलेक्ट्रिकल या इलेक्ट्रॉनिक्स या टेलीकम्युनिकेशन या इंस्ट्रूमेंटेशन या इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल या इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन या पावर इंजीनियरिंग या पावर इलेक्ट्रॉनिक्स में मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग की डिग्री होनी चाहिए. **या** इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) द्वारा मान्यताप्राप्त उपरोक्त किसी भी विषय में समकक्ष योग्यताएं, जिसे सेक्शन 'ए' और 'बी' और उनकी सहयोगी सदस्यता परीक्षा (एएमआईई) से छूट दी गई है. **(ii)** 10+2+3 शिक्षा योजना के इंटरमीडिएट या बारहवीं कक्षा तक गणित और भौतिकी विषय के रूप में या गणित और भौतिकी में न्यूनतम 55 प्रतिशत कुल अंकों के साथ समकक्ष. जिन उम्मीदवारों ने डिप्लोमा के बाद स्नातक की पढ़ाई पूरी कर ली है, वे भी पात्र हैं, बशर्ते उनके पाठ्यक्रम में भौतिकी और गणित के साथ डिप्लोमा में कुल 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए.

3. **कुछ पात्रता मानदंडों पर स्पष्टीकरण :**

(ए) पात्रता के लिए अंकों का न्यूनतम प्रतिशत निर्धारित करते समय, प्रतिशत की केवल मूल पूर्ण संख्या (बिना पूर्णांकित किए) को ध्यान में रखा जाएगा. पात्रता निर्धारित करने के लिए आंशिक मूल्य पर विचार नहीं किया जाएगा. जैसे डिग्री में 59.9 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अनारक्षित/अन्य पिछड़ा वर्ग उम्मीदवार या 54.9 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले एससी/एसटी उम्मीदवार पात्र नहीं हैं.

(बी) अन्य सभी पात्र उम्मीदवारों के लिए, प्रतिशत को पूर्णांकित किया जाना है और ऑनलाइन आवेदन पत्र में केवल पूर्ण संख्या दर्ज की जानी है. प्रतिशत को पूर्णांकित करने की प्रक्रिया (केवल पात्र उम्मीदवारों के लिए) इस प्रकार है :-

(i) यदि दशमलव बिंदु के बाद पहला भिन्नात्मक अंक 0 से 5 तक है, तो प्रतिशत को मूल पूर्ण संख्या में पूर्णांकित किया जाएगा. जैसे-60.1-60.5 को 60 के रूप में पूर्णांकित किया जाएगा.

(ii) यदि दशमलव बिंदु के बाद पहला भिन्नात्मक अंक 6 से 9 तक है, तो प्रतिशत को अगले उच्च पूर्णांक में पूर्णांकित किया जाएगा. जैसे- 60.6 - 60.9 को 61 के रूप में पूर्णांकित किया जाएगा.

(सी) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए ऊपरी आयु में 5 वर्ष और अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर) उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष की छूट केवल तभी लागू होगी, जब पद उनके लिए आरक्षित हों.

(डी) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति उम्मीदवारों के संबंध में कुल अंकों में अधिकतम 5 प्रतिशत की छूट केवल डिग्री अंकों के लिए लागू है और 10+2 अंकों के लिए लागू नहीं है.

(ई) यदि उम्मीदवारों को अंकों के बजाय ग्रेड/सीजीपीए दिया जाता है, तो ग्रेड/सीजीपीए का अंकों के प्रतिशत में रूपांतरण उस विश्वविद्यालय/स्कूल द्वारा प्रमाणित प्रक्रिया पर आधारित होगा, जहां से उन्होंने डिग्री/स्कूल बोर्ड प्राप्त की है.

(एफ) इंटीग्रेटेड पोस्ट-ग्रेजुएशन डिग्री वाले उम्मीदवार भी आवेदन करने के पात्र हैं, बशर्ते कि उनके पास संबंधित संस्थान/विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रमाणपत्र हो, जो प्रमाणित करता हो कि उम्मीदवार ने योग्यता डिग्री (प्रतिशत/अंकों के साथ स्पष्ट रूप से उल्लिखित) उत्तीर्ण कर ली है. इंटीग्रेटेड पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स का हिस्सा और उम्मीदवार ग्रेजुएशन डिग्री पुरस्कार के लिए पात्र है. ऐसे उम्मीदवारों को पंजीकरण के दौरान नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, पंजीकरण संख्या/रोल नंबर वाला प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा.

(जी) भारतीय तटरक्षक बल के पास परीक्षा के किसी भी या सभी विषयों में अर्हक अंक तय करने और स्टेज-II (पीएसबी) और स्टेज-III (एफएसबी) के लिए शॉर्टलिस्ट किए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या तय करने का विवेक है.

(ज) जन्मतिथि और लिंग को किसी भी परिस्थिति में शामिल होने के बाद भी किसी भी बाद के चरण में बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी और जब भी कोई गलत जानकारी पाई जाएगी तो किसी भी चरण में किसी भी उम्मीदवार की उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द कर दी जाएगी.

4. **रिक्ति :** असिस्टेंट कमांडेंट-2025 बैच की भर्ती के लिए विभिन्न पदों की श्रेणीवार रिक्ति इस प्रकार है :-

पद	रिक्तियां	अजा	अजजा	अपिव	ईडब्ल्यूएस	अना	कुल
सामान्य ड्यूटी (जीडी)	50	06	07	18	02	17	**50**
तकनीकी (इंजीनियरिंग/इलेक्ट)	20	05	02	08	-	05	**20**
कुल	**70**	**11**	**09**	**26**	**02**	**22**	**70**

टिप्पणी : ये रिक्तियां अस्थायी हैं और प्रशिक्षण स्लॉट की उपलब्धता के आधार पर परिवर्तन के अधीन हैं.

5. **अतिरिक्त पात्रता मानदंड :**

(ए) किसी अन्य सेवा प्रशिक्षण अकादमी से अनुशासनात्मक आधार पर वापस लिए गए उम्मीदवार उपस्थित होने के पात्र नहीं हैं.

(बी) उम्मीदवारों को आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार, दोषी या मुकदमा नहीं चलाया जाना चाहिए.

(सी) उम्मीदवार, जो डिग्री पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष/अंतिम सेमेस्टर में पढ़ रहे हैं और अभी तक अंतिम वर्ष की डिग्री परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है, वे भी आवेदन कर सकते हैं, बशर्ते कि उम्मीदवार के पास कोई बैकलॉग न हो और न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के संबंध में 55 प्रतिशत) अंतिम सेमेस्टर/वर्ष तक, जिसके परिणाम आवेदन जमा करने के समय घोषित किए गए हैं, ऐसे उम्मीदवारों को अंतिम वर्ष/सेमेस्टर परिणाम घोषित न होने के संबंध में संबंधित विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार/नियंत्रक द्वारा हस्ताक्षरित एक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा (प्रारूप आईसीजी वेबसाइट पर उपलब्ध है). उन्हें **30 नवंबर, 2024** तक डिग्री परीक्षा (कुल अपेक्षित प्रतिशत के साथ) उत्तीर्ण करने का प्रमाण प्रस्तुत करना आवश्यक है और बुनियादी योग्यता विश्वविद्यालय परीक्षा के देर से आयोजन, परिणामों की घोषणा में देरी या इस आधार पर इस तिथि को बढ़ाने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा. कोई अन्य आधार जो भी हो.

(डी) अंतिम वर्ष/सेमेस्टर में पढ़ने वाले उम्मीदवारों की पात्रता पर आगे स्पष्टीकरण नीचे दिया गया है :-

ऑनलाइन फॉर्म भरते समय उम्मीदवारों के पास अनिवार्य कागजात होने चाहिए

क्र. सं.	पाठ्यक्रम का प्रकार	ऑनलाइन फॉर्म भरते समय उम्मीदवारों के पास अनिवार्य कागजात होने चाहिए
(i)	वार्षिक पाठ्यक्रम (जिसमें परीक्षा वर्ष में एक बार आयोजित की जाती है)	➢ द्वितीय वर्ष की मार्कशीट आवेदन की अंतिम तिथि को या उससे पहले जारी करने की तारीख के साथ (यदि पाठ्यक्रम 03 वर्ष का है) ➢ आवेदन की अंतिम तिथि को या उससे पहले जारी करने की तारीख के साथ तीसरे वर्ष की मार्कशीट (यदि पाठ्यक्रम 04 वर्ष का है)

क्र. सं.	पाठ्यक्रम का प्रकार	ऑनलाइन फॉर्म भरते समय उम्मीदवारों के पास अनिवार्य कागजात होने चाहिए
(ii)	सेमेस्टर कोर्स	➢ पांचवें सेमेस्टर की मार्कशीट आवेदन की अंतिम तिथि को या उससे पहले जारी करने की तारीख के साथ (यदि पाठ्यक्रम छह सेमेस्टर के लिए है) ➢ आवेदन की अंतिम तिथि को या उससे पहले जारी करने की तारीख के साथ सातवें सेमेस्टर की मार्कशीट (यदि पाठ्यक्रम आठ सेमेस्टर का है)
उपरोक्त मानदंडों को पूरा नहीं करने वाले उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र नहीं हैं		

6. **चयन प्रक्रिया :** सहायक कमांडेंट का चयन अखिल भारतीय योग्यता क्रम पर आधारित होता है जो परीक्षा के विभिन्न चरणों (I-V) में उम्मीदवारों के प्रदर्शन (नीचे विस्तार से बताया गया है) और पद के लिए उपलब्ध रिक्तियों की संख्या पर आधारित है. आईसीजी में भर्ती के लिए स्टेज I, II, III, IV और V को पास करना अनिवार्य है. परीक्षा के विभिन्न चरणों के दौरान सभी उम्मीदवारों को अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक, फोटो पहचान और कागजात के सत्यापन से गुजरना होगा. परीक्षा के विभिन्न चरणों का विवरण इस प्रकार है :-

(ए) स्टेज-I (सीजीसीएटी) : सभी शाखाओं के सभी उम्मीदवार कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन स्क्रीनिंग टेस्ट, जिसे सीजीसीएटी के नाम से जाना जाता है, में उपस्थित होंगे. परीक्षा पूरे भारत में स्थित निर्दिष्ट केंद्रों में आयोजित की जाएगी. परीक्षण में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) शामिल हैं, जिनमें प्रत्येक सही उत्तर के लिए चार अंक और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक नकारात्मक अंक है. परीक्षा की अवधि दो घंटे की होगी और टेस्ट पेपर का माध्यम अंग्रेजी होगा. अंकों का विषयवार वितरण इस प्रकार है :-

परीक्षा	विषय	प्रश्नों की सं.	अवधि
संयुक्त सीजीसीएटी	**ए :** अंग्रेजी	25	2 घंटे
	बी : तर्क और संख्यात्मक क्षमता	25	
	सी : सामान्य विज्ञान और गणितीय योग्यता	25	
	डी : सामान्य ज्ञान	25	

टिप्पणी :

(i) स्टेज-I के लिए अखिल भारतीय श्रेणीवार मैरिट सूची स्टेज-I (सीजीसीएटी) परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी. यदि अंतिम शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवार में बराबरी होती है, तो अंतिम उम्मीदवार के समान अंक वाले सभी उम्मीदवारों को चरण-II (पीएसबी) के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा.

(ii) अंकों का सामान्यीकरण : अलग-अलग पालियों में परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंकों को वस्तुनिष्ठ तरीके से सांख्यिकीय पद्धति से तर्कसंगत बनाने के लिए परिणाम घोषित होने से पूर्व अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंकों को निम्नलिखित सूत्र के अनुसार सामान्यीकृत किया जाएगा :-

$$M_{ij} = \frac{M_t^g - M_q^g}{M_{ti} - M_{iq}} (M_{ij} - M_{iq}) + M_q^{gm}$$

M_{ij} = jवीं पाली में jवें उम्मीदवार के सामान्यीकृत अधिकतम.

M_t^g = सभी पालियों पर विचार करते हुए शीर्ष 0.1 प्रतिशत उम्मीदवारों के औसत अंक हैं (उम्मीदवारों की संख्या को राउंड-अप किया जाएगा)

M_q^g= सभी पालियों को ध्यान में रखते हुए परीक्षा में उम्मीदवारों के माध्य और मानक विचलन अंकों का योग है.

M_{ti} = iवीं पाली में शीर्ष 0.1 प्रतिशत उम्मीदवारों के औसत अंक हैं (उम्मीदवारों की संख्या को राउंड-अप किया जाएगा)

M_{iq} = iवीं पारी के माध्य अंक और मानक विचलन का योग है.

M_{ij} = jवीं पाली में jवें उम्मीदवार द्वारा प्राप्त वास्तविक अंक हैं.

M_q^{gm} = सभी पालियों को ध्यान में रखते हुए परीक्षा में उम्मीदवारों के अंकों के अधिकतम माध्य और मानक विचलन वाली पाली में उम्मीदवारों के औसत अंकों का योग है.

(iii) भारतीय तटरक्षक बल के पास स्टेज-II (पीएसबी) के लिए उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग के लिए परीक्षा के किसी भी या सभी विषयों में अर्हक अंक तय करने का विवेक है.

(बी) स्टेज-II 'प्रारंभिक चयन बोर्ड (पीएसबी)'. स्टेज-I में प्रदर्शन के आधार पर, उम्मीदवारों को स्टेज-II (पीएसबी) में उपस्थित होने के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा, जो नोएडा, मुंबई/गोवा, चेन्नै और कोलकाता केंद्रों पर एक दिन के लिए आयोजित किया जाएगा. उम्मीदवारों को आवेदन पत्र भरते समय पीएसबी केंद्र के लिए अपनी पसंद बतानी होगी. उम्मीदवारों की जांच कम्प्यूटरीकृत संज्ञानात्मक बैटरी टेस्ट (सीसीबीटी) और पिक्चर परसेप्शन एंड डिस्कशन टेस्ट (पीपी एंड डीटी) के माध्यम से की जाएगी. सीसीबीटी केवल अंग्रेजी में होगा और वस्तुनिष्ठ प्रकार का होगा. पीपी एंड डीटी के दौरान उम्मीदवारों से अंग्रेजी में बोलने और चर्चा करने की अपेक्षा की जाती है. हालांकि, यदि वे ऐसा करना चाहते हैं तो वे हिंदी में बोलने के लिए स्वतंत्र हैं. स्टेज-II परीक्षा केवल क्वालिफाइंग प्रकृति की होती है यानी या तो पास या फेल.

टिप्पणी :

(i) उम्मीदवार का सत्यापन : स्टेज-II के लिए रिपोर्ट करने वाले उम्मीदवारों को पहले फोटो और बायोमेट्रिक सत्यापन से गुजरना होगा. स्टेज-II के दौरान खींची गई फोटो और बायोमेट्रिक रिकॉर्ड को स्टेज-I के दौरान खींची गई फोटो और रिकॉर्ड की गई बायोमेट्रिक से सत्यापित किया जाना है. यदि स्टेज-II में किसी उम्मीदवार का बायोमेट्रिक (अंगूठे का निशान) स्टेज-I में कैप्चर किए गए बायोमेट्रिक से मेल नहीं खाता है, तो दस्तावेज सत्यापन टीम को सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित प्रक्रियाओं द्वारा उम्मीदवार की पहचान / वास्तविकता स्थापित करने के लिए अगले चरण में सत्यापन के लिए उम्मीदवार का बायोमेट्रिक पुनः प्राप्त करने का अधिकार है. हालांकि यदि दस्तावेज सत्यापन टीम ऊपर बताए अनुसार मैन्युअल सत्यापन प्रक्रिया के बाद उम्मीदवार की वास्तविकता के बारे में आश्वस्त नहीं है, तो उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.

(ii) दस्तावेज सत्यापन : जिन उम्मीदवारों ने पीएसबी उत्तीर्ण कर लिया है, उन्हें दस्तावेज़ सत्यापन से गुजरना होगा. उम्मीदवारों द्वारा लाए गए मूल दस्तावेजों को स्टेज-II के लिए पंजीकरण के दौरान उम्मीदवारों द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेजों के अनुसार सत्यापित किया जाएगा. किसी भी विसंगति के मामले में, उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और अस्वीकृति के कारणों को इंगित करने वाली एक 'अस्वीकृति पर्ची' उम्मीदवार को सौंप दी जाएगी.

(iii) केंद्रों का आवंटन : जहां तक संभव हो, उम्मीदवारों को उनकी पसंद के अनुसार केंद्र आवंटित किए जाएंगे. हालांकि, आवश्यकता पड़ने पर आईसीजी किसी अन्य केंद्र को आवंटित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है. केंद्र और तारीख में बदलाव के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.

(सी) स्टेज-III : अंतिम चयन बोर्ड (एफएसबी) : स्टेज-III के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को स्टेज-II के पूरा होने पर संबंधित केंद्रों पर सूचित किया जाएगा. स्टेज-III का शेड्यूल उम्मीदवार को व्यक्तिगत लॉग-इन आईडी पर सूचित किया जाएगा. एफएसबी नोएडा स्थित तटरक्षक चयन बोर्ड (सीजीएसबी) में आयोजित किया जाता है और पांच दिनों तक चलता है. उम्मीदवारों को मनोवैज्ञानिक परीक्षण, समूह कार्य और साक्षात्कार (व्यक्तित्व परीक्षण) के अधीन किया जाता है. अंतिम चयन जुलाई-अक्टूबर, 2024 के दौरान अस्थायी रूप से आयोजित किया जाएगा. पीएसबी के दौरान सत्यापित सभी दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों को भी एफएसबी के दौरान मूल रूप में प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है. अंतिम दिन बोर्ड सम्मेलन आयोजित किया जाता है और उसके बाद अनुशंसित उम्मीदवारों को स्टेज-IV यानी प्रारंभिक/विशेष चिकित्सा परीक्षा के लिए भेजा जाता है.

(डी) स्टेज-IV (चिकित्सा परीक्षा) : स्टेज-III को पास करने वाले उम्मीदवारों को बेस अस्पताल, नई दिल्ली में एक विशेष चिकित्सा परीक्षा से गुजरना पड़ता है. विशेष मेडिकल बोर्ड (एसएमबी) में अनफिट घोषित किए गए उम्मीदवारों को मैरिट सूची में शामिल किया जाएगा, क्योंकि उनके पास फैसले के खिलाफ अपील करने का विकल्प होगा और एसएमबी के पूरा होने के **42 दिनों के भीतर** नामित सेवा अस्पताल में अपील मेडिकल के लिए रिपोर्ट करना होगा. यदि अपील मेडिकल के दौरान अनफिट घोषित किया जाता है, तो ऐसे उम्मीदवारों के पास परिणामों की समीक्षा के लिए भर्ती निदेशालय, तटरक्षक मुख्यालय के माध्यम से सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा महानिदेशक (डीजीएएफएमएस) से अनुरोध करने का विकल्प होता है. सेवा मुख्यालय ऐसे अनुरोध पर विचार करेगा और मामले की योग्यता के आधार पर आरएमबी प्रदान किया जाएगा. आरएमबी अधिकार की बात नहीं है. यदि समीक्षा अनुमोदित हो जाती है, तो समीक्षा के संचालन के लिए नामित अस्पताल को अनुमोदन में दर्शाया जाएगा. समीक्षा मेडिकल बोर्ड (आरएमबी) का निर्णय अंतिम होगा और आगे कोई अपील स्वीकार नहीं की जाएगी.

ध्यान दें : आईएनए में शामिल होने की तारीख के बाद एसएमबी/एएमबी/आरएमबी पूरा करने वाले उम्मीदवार तत्काल बैच या आगामी बैच में शामिल होने के लिए पात्र नहीं होंगे. ऐसे उम्मीदवारों को अगले बैच के लिए नए सिरे से आवेदन करना होगा और पात्रता मानदंडों को पूरा करने के अधीन, पूर्ण भर्ती चक्र से गुजरना होगा.

(ई) स्टेज-V (इंडक्शन) : जो उम्मीदवार स्टेज-IV को पास कर लेंगे और उपलब्ध रिक्तियों के अनुसार अखिल भारतीय मैरिट सूची में आ जाएंगे, उन्हें प्रशिक्षण के लिए अनंतिम रूप से चुना जाएगा और उन्हें निर्देशों के अनुसार नेवल ओरिएंटेशन कोर्स (एनओसी) के लिए आईएनए एझिमाला में रिपोर्ट करना होगा. अखिल भारतीय मैरिट सूची स्टेज-I और स्टेज-III के संयुक्त अंकों पर आधारित होगी. प्रशिक्षण के लिए आईएनए एझिमाला में रिपोर्ट करने वाले उम्मीदवारों को पहले फोटो और बायोमेट्रिक सत्यापन से गुजरना होगा.

ध्यान दें : INA में शामिल होने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर, 2024 या नियुक्ति पत्र में उल्लिखित तिथि, जो भी पहले हो, होगी. महत्वपूर्ण तिथि यानी 01 जनवरी, 2025 को बैच अखंडता बनाए रखने की आवश्यकता के कारण किसी भी परिस्थिति में 31 दिसंबर, 2024 के बाद कोई और प्रेरण नहीं किया जाएगा.

7. **परिणाम घोषणा :** स्टेज-I से स्टेज-V तक चयन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण का परिणाम ICG वेबसाइट पर उम्मीदवारों के खाते में लॉग-इन करके देखा जा सकता है. स्टेज-I पर ऑनलाइन परीक्षा का परिणाम **30 दिनों के भीतर** अस्थायी रूप से घोषित किया जाएगा. परिणामों की घोषणा का विवरण इस प्रकार है :-

(ए) स्टेज-II (पीएसबी) के लिए शॉर्टलिस्ट नहीं किए गए उम्मीदवारों के स्टेज-I अंक स्टेज-II (पीएसबी) के शुरू होने से पहले घोषित किए जाएंगे.

(बी) स्टेज-III (एफएसबी) के लिए शॉर्टलिस्ट नहीं किए गए उम्मीदवारों के स्टेज-II परिणाम स्टेज-III (एफएसबी) के शुरू होने से पहले घोषित किए जाएंगे.

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा **समूह 4 के अंतर्गत सहायक वर्ग 3, शीघ्रलेखक व अन्य समकक्ष पदों हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा 2023 के आयोजन हेतु दिनांक 13.12.2022 को विज्ञापन क्रमांक 35/2022 प्रकाशित किया गया था।** उक्त परीक्षा हेतु जारी पूर्व विज्ञापन, विभागों/कार्यालयों से प्राप्त पुनरीक्षित आरक्षण तालिका को समाहित कर जारी शुद्धि पत्र क्रमांक MPESB/प-1/905/2024 दिनांक 21.02.2024 एवं तदानुसार घोषित किये जाने वाले परिणाम के संबंध में मण्डल द्वारा माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर खंडपीठ इंदौर एवं ग्वालियर म.प्र. के समक्ष केवियट दायर की जा रही है। यदि किसी अन्य द्वारा उक्त संबंध में माननीय न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की जाती है, तो उसकी एक प्रति बोर्ड के अधिवक्ता- (1) श्री राहुल दिवाकर, अधिवक्ता-751 अग्रवाल कॉलोनी, जबलपुर, (2) श्री कौस्तुभ पाठक अधिवक्ता-102 बी-ब्लॉक प्रकृति कार्पोरेट 18/2 बाय.एन. रोड, इंदौर एवं (3) श्री विवेक खेड़कर, अधिवक्ता-चिंचुरकर की गोठ, चावड़ी बाजार, लश्कर, ग्वालियर, म.प्र. को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

म.प्र. माध्यम/113944/2024 R-49544/2024 **संचालक**

मुख्यमंत्री से फेडरेशन ऑफ तेलंगाना चेम्बर्स ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट

हैदराबाद, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से तेलंगाना प्रवास के दौरान हैदराबाद में फेडरेशन ऑफ तेलंगाना चेम्बर्स ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। फेडरेशन के अध्यक्ष श्री मीला जयदेव के नेतृत्व में उद्योगपतियों के प्रतिनिधिमंडल ने मध्यप्रदेश में निवेश की इच्छा प्रकट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का प्रतिनिधिमंडल ने शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल द्वारा मध्यप्रदेश में निवेश करने की इच्छा का स्वागत किया और उज्जैन में मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश की संभावनाओं की जानकारी दी और निवेश के लिए आमंत्रित किया। प्रदेश में निवेश के लिए नए अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। राज्य सरकार उद्योगों में निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में टेक्सटाइल्स, फार्मा, आईटी, आटो मोबाइल्स आदि उद्योग स्थापित करने में निवेश किया जा सकता है।

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)
No./2539/22/D-12/NIT-Maint./2024 Bhopal, Dated : 20.02.2024

NOTICE INVITING TENDER NO. 282/MTN/2024

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :-

- **SSR Applicable :-** SSR issued by M.P Rural Road Development Authority effective from 05.11.2019 and amendments upto issue date of NIT.

1. **Table No. 1 :- Name of Work –** Repair/Maintenance of The Rural Roads For Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 5 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Bhopal	1	8727644.00
2.	Dewas	2	7627776.00

2. **Table No. 2 :- Name of Work–** Repair/Maintenance of The Rural Roads For Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 10 Year

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Burhanpur	1	13418728.00
2.	Khandwa	1	1744257.00
3.	Narmadapuram	1	11559711.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **23.02.2024 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/113897/2024 **(TENDER)**
'मेरी सड़क' एप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

R-49538/2024

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02
डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002
E-mail : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 28/2023-24 (1) सी.एम. राइज अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करंजिया (मोहतरा), जिला डिण्डौरी में बाह्य विद्युतीकरण का कार्य। (ऑनलाइन निविदा क्र. 2024_MPPHC_335058) (2) सी.एम. राइज अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाहपुरा जिला-डिण्डौरी में बाह्य विद्युतीकरण का कार्य। (ऑनलाइन निविदा क्र. 2024_MPPHC_335062) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 04.03.2024 तक खरीद कर सायं 6:00 बजे तक** सबमिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/113884/2024 R-49536/2024 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक-03
भोपाल-462003, Mobile No. 9425601545
ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com
क्र.-मप्रपुआअविनि /167/पर्य/भोपाल-03/तशा/2024
भोपाल, दिनांक : 19.02.2024

प्रेस विज्ञप्ति

भोपाल संभाग क्र.-3 के अंतर्गत निर्माण कार्य 50 जवानों की क्षमता का बैरक 10वीं बटालियन जिला सागर हेतु निविदा क्रमांक-14/2023-24 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक-2024_MPPHC_334737) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक- **27.02.2024 सायं 5:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/113877/2024 R-49533/2024 **परियोजना यंत्री**

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधो. वि. निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-1 भदभदा रोड, भोपाल
क्र./201/तशा/प.यं./2024 दिनांक - 19.02.2024

प्रेस विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा **भोपाल एवं अशोक नगर जिले में बाह्य विद्युतीकरण कार्य/मरम्मत/रेनोवेशन कार्य हेतु** ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रमांक (1) 2024_MPPHC_335066_1 (2) 2024_MPPHC_335067_1 (3) 2024_MPPHC_335069_1 (4) 2024_MPPHC_335070_1 (5) 2024_MPPHC_335071_1 **दिनांक 29.02.2024 समय अपरान्ह 17:00 बजे तक खरीदी जा सकती है।** विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/113933/2024 R-49542/2024 **परियोजना यंत्री**

'पंख' खेल उपलब्धि पुरस्कार

खेलों का महत्व हमारे देश में आदिकाल से है - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'पंख' खेल उपलब्धि पुरस्कार 2024 सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों का महत्व हमारे देश में आदिकाल से है। भगवान श्रीराम और अर्जुन का विवाह स्वयंवर के माध्यम से हुआ, जिसमें उन्होंने अपनी खेल प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया था। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के हर वर्ग के खिलाड़ी विश्वस्तरीय प्रतियोगिताओं और ओलिंपिक खेलों में बड़ी संख्या में स्वर्ण पदक प्राप्त कर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में 2036 के ओलिंपिक खेलों की तैयारी अभी से शुरू कर दी गई है।

प्रदेश के खिलाड़ियों ने देश एवं विदेश में प्रदेश का मान-सम्मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को सुविधाएं देने में कमी नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रदेश के युवा खिलाड़ी प्रदेश और देश का सम्मान बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खिलाड़ियों को सिर्फ खेल की ओर ध्यान देना चाहिए जिससे वे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन कर सकें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे देश की महिलाएं, पुरुषों से कम नहीं थीं। रानी दुर्गावती और झांसी की रानी ने तलवारबाजी में अद्भुत प्रदर्शन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रधानमंत्री श्री मोदी की उपलब्धियों पर प्रकाशित पुस्तक भेंट की गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी की एक कविता वीडियो के माध्यम से दिखाई गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा प्रदेश के विकास के लिए किए गए कार्यों की लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बालाघाट में रोड शो और जनसभा

मैं मुख्य सेवक के रूप में प्रदेश के विकास और जनकल्याण के लिए समर्पित हूं - मुख्यमंत्री

बालाघाट, बहन-बेटियों के कल्याण के लिए जारी कोई योजना बंद नहीं होगी। लाड़ली बहना योजना में मार्च माह की किस्त पहली तारीख को बहनों के खाते में जारी कर दी जाएगी। मैं अपने आपको मुख्यमंत्री नहीं, जनता का मुख्य सेवक मानता हूं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानसेवक हैं और मैं मुख्य सेवक के रूप में प्रदेश के विकास और जनकल्याण को समर्पित हूं। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बालाघाट में रोड-शो के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 650 करोड़ रुपये लागत की हिंदुस्तान ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और हिन्दुस्तान टेप्स प्राइवेट लिमिटेड औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन किया तथा बालाघाट जिले के 761 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बालाघाट में जनसभा को संबोधित करते हुए

विकास प्रक्रिया में बालाघाट के लोगों से सहयोगी बनने का किया आह्वान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार तेज गति से विकास को समर्पित है, इसी का प्रमाण है कि बड़ी संभावना वाले बालाघाट जिले में अनेकों विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विकास की इस प्रक्रिया में बालाघाट के निवासियों से सहयोगी बनने का आह्वान किया।

लोकार्पण एवं भूमिपूजन

बालाघाट में किये गये लोकार्पण एवं भूमिपूजन में 150 करोड़ की लागत से पीवीसी इन्सुलेशन इलेक्ट्रिकल मिरगपुर का निर्माण, 300 करोड़ की लागत से गुड़रुघाट में एथेनॉल इकाई, 200 करोड़ की लागत से सारंडी में सिलिको, फेरो अलॉयज एवं स्टील इकाई का निर्माण, 12 करोड़ 51 लाख की लागत से किन्ही, खुरमुण्डी, अमई, कोचेवाही, बकोड़ा, बकोड़ी, पिपरझरी, धपेरा और बसेगांव के शासकीय हाईस्कूलों में विभिन्न निर्माण कार्य, 2 करोड़ 17 लाख की लागत से तिरोड़ी और मलाजखण्ड के शासकीय महाविद्यालयों में निर्माण कार्य, 11 करोड़ 43 लाख की लागत से झालीवाड़ा से मेहदुली मार्ग में चंदन नदी पर पुल का निर्माण तथा 20 करोड़ 42 लाख की लागत से विभिन्न ग्रामीण सड़क मार्ग निर्माण कार्य शामिल हैं। बालाघाट में 45 करोड़ 84 लाख रुपये की लागत से निर्मित 45 विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया है। इनमें अमृत-2.0 योजना के अंतर्गत 17 कारोड़ रुपये से अधिक की लागत से 20 शहरी पेयजल योजनाओं का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही 14 करोड़ 63 लाख की लागत से 11 नवीन उपस्वास्थ्य केंद्रों में निर्माण कार्य, 6 करोड़ से अधिक की सड़कों का निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण, एक करोड़ 38 लाख की लागत से बिरसा कचनारी में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निर्माण और 5 करोड़ 24 लाख रुपये लागत से 3 उच्चस्तरीय पुलों का निर्माण कार्य भी शामिल है।

गेहूं खरीदी के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करें

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आगामी महीनों में प्रदेश में लगभग 100 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जाना है, जिससे लगभग 11 लाख किसान लाभान्वित होंगे। इसके लिये भारतीय खाद्य निगम, राज्य नागरिक आपूर्ति निगम तथा मार्कफेड से समन्वय कर उपार्जन की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने भारतीय खाद्य निगम के एजीक्यूटिव डायरेक्टर श्री दलजीत सिंह तथा महाप्रबंधक श्री विशेष गढ़पाले से समत्व भवन में सौजन्य भेंट के दौरान यह बात कही। डॉ. यादव ने कहा कि खरीदी केन्द्रों पर गेहूं की गुणवत्ता की पुष्टि के लिए विशेषज्ञ, बारदाना सहित अन्य आवश्यक उपकरण की उपलब्धता और किसानों के लिए सुविधाजनक व्यवस्था सुनिश्चित करें।

खजुराहो नृत्य समारोह संस्कृति को संरक्षित करने का आयोजन

खजुराहो, खजुराहो नृत्य समारोह भारतीय संस्कृति को संरक्षित और संवर्धित करने का समारोह है। खजुराहो के मंदिर 1000 वर्ष से पुराने गौरवशाली इतिहास को गर्व और गौरव से प्रदर्शित करते हैं। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खजुराहो में 50वें खजुराहो नृत्य समारोह के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खजुराहो नृत्य समारोह के माध्यम से भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा से विश्व परिचित हो रहा है। आने वाले समय में इसे और अधिक भव्य और दिव्य स्वरूप में किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार भी प्रदान किए। इसमें सुश्री कमता बाई, भोपाल को भील पिथोरा-गातला देव के लिए देवकृष्ण जटाशंकर जोशी पुरस्कार, रोशनी श्याम भोपाल को हिरण और बच्चे के लिए मुकुन्द सखाराम भाण्ड पुरस्कार, श्री झुमुक दास मानिकपुरी भोपाल को अनटाइटल-6 के लिए सैयद हैदर रजा पुरस्कार, अनूप शिवहरे ग्वालियर को अनटाइटल्ड के लिए दत्तात्रेय दामोदर देवलालीकर पुरस्कार, बलवन्त सिंह भदौरिया ग्वालियर को सिटी स्केप-1 के लिए जगदीश स्वामीनाथन पुरस्कार, उमेन्द्र वर्मा ग्वालियर को शिव साधना-1 के लिए विष्णु चिंचालकर पुरस्कार, अनुराग जडिया ग्वालियर को यात्रा-2 के लिए नारायण श्रीधर बेन्द्रे पुरस्कार, दिव्या व्यास खरगोन को भये प्रगट कृपाला के लिए रघुनाथ कृष्णराव फड़के पुरस्कार, शिखा गोयल इन्दौर को राममनोहर सिन्हा पुरस्कार और अक्षय साकला देवास को वाय.आई. एम. सो क्युरियस के लिए लक्ष्मीशंकर राजपूत पुरस्कार दिया गया।

खजुराहो को नगर पालिका बनाने की घोषणा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खजुराहो नृत्य समारोह के विभिन्न पहलुओं पर आधारित पुस्तक 'सोपान' एवं कॉफी टेबल बुक बुंदेलखंड का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खजुराहो नृत्य समारोह के दौरान ही खजुराहो को विकास की विभिन्न सौगातें दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खजुराहो में एलोपैथिक हॉस्पिटल, आयुर्वेदिक कॉलेज और हॉस्पिटल बनाने की घोषणा की। खजुराहो नगर परिषद को जनसंख्या के अनुपात के आधार पर नगर पालिका बनाने की घोषणा की।

ऊर्जस्विता सम्मान-2024 से महिलाएं सम्मानित

भोपाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया आईएचएम संस्थान में अनुनय एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित 'ऊर्जस्विता सम्मान 2024' कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस अवसर पर सुश्री भूरिया ने कहा कि महिलाएं मानसिक स्तर पर बहुत मजबूत होती हैं। वे परिवार को संभालती हैं और सभी को एक सूत्र में बांधने का कार्य निपुणता से करती हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में काम करेंगे। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से हमें भी कुछ नया सीखने को मिलता है कि समाज में कैसे काम करना है। हम सभी मिलकर बेहतर कार्य करने के प्रयास करेंगे। सुश्री भूरिया ने अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहीं महिलाओं को सम्मानित किया।

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा

सम्पूर्ण प्रदेश में बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए रोडमैप विकसित किया जाए - मुख्यमंत्री

भोपाल, स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सा शिक्षा, आयुष संस्थाओं तथा निजी अस्पतालों को समन्वित करते हुए प्रदेश के सभी जिलों और विकासखंडों में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए रोडमैप विकसित किया जाए। चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की पदपूर्ति के लिए भी कार्ययोजना बनाई जाए। प्रदेश के स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार के लिए मेडिकल कॉलेजों तथा आयुर्वेदिक महाविद्यालयों को भी लक्ष्य दिए जाएं। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग की बैठक में कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि निजी संस्थाएं जिन क्षेत्रों में अपने कॉलेज स्थापित कर रही हैं, उन क्षेत्रों के स्वास्थ्य सूचकांकों के सुधार के प्रयासों में इन संस्थाओं को जोड़ा जाए। हमारा प्रयास है कि प्रदेश के सभी 29 लोकसभा क्षेत्रों में एक-एक मेडिकल कॉलेज विकसित हो और समय के साथ प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज आरंभ किया जाएगा। प्रदेश में आदर्श स्वास्थ्य व्यवस्था स्थापित कर हम देश में सर्वश्रेष्ठ उदाहरण स्थापित करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनसामान्य को दी जा रही सुविधाएं, जरूरतमंद को बिना कठिनाई के मिलें यह सुनिश्चित करना आवश्यक है। जिला चिकित्सालय से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक व्यवस्था में विकृतियां पैदा नहीं हों, इस पर नजर रखना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य संस्थाओं के निरीक्षण के लिए उड़नदस्ते के गठन की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अमले में सक्रियता और लोगों की सेवा के लिए समर्पण की भावना बनी रहे, इस उद्देश्य से अमले के निरंतर प्रोत्साहन के प्रयास हों।

मुख्यमंत्री ने 'वैदिक काल से विलीनीकरण तक भोपाल' पुस्तक का किया विमोचन

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भाई उद्धवदास मेहता की पुण्यतिथि पर आईटीसी कमला पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा भाई उद्धवदास मेहता स्मृति न्यास द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'वैदिक काल से विलीनीकरण तक भोपाल' का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल के विकास और राजधानी बनाने में भाई उद्धवदास मेहता के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि वे हिन्दू महासभा, जनसंघ और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में सक्रिय रहे। उन्होंने 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन को इस अंचल में नेतृत्व प्रदान किया, वे धर्म ग्रंथों के अध्ययन के लिए विशेष रूप से बनारस गए। सनातन संस्कृति के मूल्यों को बनाए रखने में उनके योगदान और कठिन परिस्थितियों में हिन्दू उत्सव समिति में उनकी सक्रियता पर हमें गर्व है। भाई उद्धवदास मेहता ने पूरे समाज को दिशा दिखाई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह बदलते दौर का भारत है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में सांस्कृतिक अनुष्ठान का यज्ञ चल रहा है, सम्राट विक्रमादित्य, राजा भोज के समृद्ध और गौरवशाली अतीत की धरोहर को सहेजने और उसे पुष्पित-पल्लवित करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पुस्तक 'वैदिक काल से विलीनीकरण तक भोपाल' के लेखक श्री रमेश शर्मा ने तथ्यों का समग्रता में प्रस्तुतिकरण और विश्लेषण किया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

छिन्दवाड़ा में 178.26 करोड़ रुपये के 347 विकास कार्यों की शुरुआत

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहा प्रदेश का विकास - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जनदर्शन के दौरान जनसमुदाय का अभिवादन करते हुए

छिंदवाड़ा, राज्य सरकार जन कल्याण के लिए कटिबद्ध है। संकल्प पत्र का पालन करते हुए सभी बिंदुओं पर कार्रवाई की जाएगी। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा में 131.49 करोड़ रुपये की लागत की विभिन्न परियोजनाओं और प्रकल्पों के शिलान्यास एवं भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि एक समय था जब मध्यप्रदेश की हालत बहुत खराब थी। बुनियादी सुविधाएं भी जनता को उपलब्ध नहीं थीं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के सक्षम नेतृत्व में प्रदेश का विकास हो रहा है। देश के 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। मध्यप्रदेश को विशेष लाभ मिला है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश किसी भी क्षेत्र में पीछे रहने वाला नहीं है। लाड़ली लक्ष्मी योजना सहित अन्य सभी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन होगा। प्रदेश का बजट आगामी जुलाई माह में आएगा। किसानों को उनकी उपज का उचित दाम दिलवाने की बात हो या सड़कों के निर्माण या सिंचाई सुविधाएं बढ़ाने का प्रश्न हो, मध्यप्रदेश निरंतर आगे बढ़ेगा। प्रदेश के नागरिकों को विकास का पूरा लाभ प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का छिंदवाड़ा में नागरिकों ने भव्य स्वागत किया।

विकास कार्यों का विवरण

मुख्यमंत्री ने छिंदवाड़ा में 5 विभाग के 46.77 करोड़ रुपये लागत के 9 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और 7 विभागों के 131.49 करोड़ रुपये लागत के 28 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। कुल 178.26 करोड़ रुपये के 37 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण सम्पन्न हुआ। आज 74.27 करोड़ रुपये लागत के औद्योगिक विकास केन्द्र बोरगांव का लोकार्पण भी किया गया। मुख्यमंत्री ने जिन अन्य प्रमुख कार्यों का लोकार्पण किया उनमें ग्राम झिलमिली में हायर सेकेण्डरी स्कूल में अतिरिक्त कक्ष, उमरानाला में स्कूल भवन में प्रयोग शाला, ग्राम जाम में विद्यालय में प्रयोगशाला और अतिरिक्त कक्ष, ग्राम बढ़कुही में अतिरिक्त कक्ष, कैलाश नगर छिंदवाड़ा के कन्या स्कूल का मॉडल स्कूल में उन्नयन, जलजीवन मिशन में ग्राम लोटिया, हरकपुर, सीताडोंगरी, विभिन्न सड़क निर्माण कार्य, गोदाम आदि शामिल हैं। जिन कार्यों का शिलान्यास हुआ है उनमें एमपी इंडस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर के औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन कार्यक्रम के अंतर्गत 13 करोड़ रुपये लागत के औद्योगिक क्षेत्र लहगडुआ का शिलान्यास भी शामिल है।

अन्नदाता ही हमारा जीवनदाता है

सतना, कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। किसानों के द्वारा किये गये अथक परिश्रम से ही हमारी अर्थव्यवस्था सशक्त हुई है। किसान हमारा अन्नदाता भी है और जीवनदाता भी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र को अमलीजामा पहनाते हुए किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। यह बातें नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने सतना में कृषि विज्ञान मेले के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। श्रीमती बागरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा किसानों के हित में लिये गये फैसलों से किसानों का आर्थिक सशक्तिकरण हो रहा है। मेले की थीम 'एंपॉवरिंग द फॉर्मर थ्रू नेचुरल आर्गेनिक फॉर्मिंग' पर आगे बढ़ते हुये किसान जैविक और प्राकृतिक खेती को अपनायें।

एक भारत-श्रेष्ठ भारत के निर्माण में युवा दें अपना योगदान - राज्यपाल

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल राजभवन में समारोह को संबोधित करते हुए

भोपाल, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम धरती पर प्रकृति की अनुपम सौगात हैं। दोनों प्रदेशों की संस्कृति और प्राकृतिक सुंदरता की देश में विशिष्ट पहचान है। दोनों राज्य भारत की भौगोलिक, सांस्कृतिक विविधता की समृद्धता के प्रतीक हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा और मजबूत लोकतांत्रिक देश है, जिसमें विकास के सबको समान अवसर मिलते हैं। यह बातें राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने राजभवन में आयोजित अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम राज्यों के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया है कि सांस्कृतिक विशिष्टताओं का संरक्षण और संवर्द्धन में एक भारत-श्रेष्ठ भारत बनाने के लिये अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें।

इस अवसर पर उन्होंने दोनों प्रदेशों के निवासियों को स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री संजय कुमार शुक्ला और अरुणाचल एवं मिजोरम प्रदेश के मध्यप्रदेश में निवासरत मूल निवासी मौजूद थे।

राज्यपाल ने कहा कि मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश दोनों ही राज्य सामाजिक और भौगोलिक दृष्टि से देश के महत्वपूर्ण राज्य हैं। ये घने जंगलों, झीलों-झरनों, वनस्पति और जीव-जंतुओं से भरपूर सांस्कृतिक विविधताओं के क्षेत्र हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश की विविधता में एकता की विरासत को मजबूत बनाने, राष्ट्रीय सुरक्षा और राज्यों के बुनियादी विकास पर फोकस किया है। उत्तरपूर्वी राज्यों में कृषि विकास को गति देने कार्यबल का गठन किया गया है। कई दशकों से लंबित पुल, सड़कें, रेलवे लाइन, सुरंगें, हवाई अड्डे और उड़ानों की परियोजनाएं पूर्ण होने से क्षेत्र के बुनियादी विकास में गति आयी है, जिससे युवाओं के लिए नए अवसर भी निर्मित हुए हैं।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

उज्जैन विक्रमोत्सव व्यापार मेला में मोटरयान कर में मिलेगी छूट

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। मंत्रिपरिषद द्वारा उज्जैन विक्रमोत्सव व्यापार मेला 2024 में गैर- परिवहन यानों तथा हल्के परिवहन यानों के विक्रय पर जीवनकाल मोटरयान कर की दर में 50 प्रतिशत की छूट का निर्णय लिया गया। निर्णय के अनुसार विक्रीत वाहनों का क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, उज्जैन से स्थाई पंजीयन कराने पर छूट दी जाएगी। उज्जैन के बाहर से आने वाले ऑटोमोबाइल व्यवसायी क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, उज्जैन में व्यवसाय प्रमाण-पत्र प्राप्त करने तथा मेला प्रांगण में अपनी भौतिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के बाद वाहन विक्रय कर सकेंगे। इसके साथ ही मंत्रिपरिषद द्वारा अन्य निर्णय भी लिए गये जो हैं :-

- मंत्रिपरिषद द्वारा इंदौर-उज्जैन 4-लेन मार्ग को 6-लेन मय पेव्हड शोल्डर में विकसित करने की स्वीकृति दी गई है। इसकी लम्बाई 45.475 किलोमीटर है। योजना अंतर्गत 1692 करोड़ रुपये लागत से 45.475 किलोमीटर के इंदौर-उज्जैन 4-लेन मार्ग को 6-लेन मय पेव्ड शोल्डर में हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल (40:60) अंतर्गत निर्माण किया जाना है।
- मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग में 1 अध्यक्ष एवं 4 सदस्यों सहित कुल 5 पद स्वीकृत हैं और वर्तमान में एक अध्यक्ष एवं दो सदस्य कार्यरत हैं। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग में सदस्यों के दो रिक्त पद पर चयन समिति की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग में डॉ. एच.एस. मरकाम, सहायक प्राध्यापक (दंत रोग), मेडिकल कॉलेज, जबलपुर एवं डॉ. नरेन्द्र कुमार कोष्टी, सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र), शासकीय महाकौशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, जबलपुर को सदस्य नियुक्त करने का अनुमोदन मंत्रिपरिषद ने किया।
- मंत्रिपरिषद द्वारा खण्डवा जिले की तहसील खालवा के ग्राम रोशनी के समीप घोड़ापछाड़ नदी पर आंवलिया मध्यम सिंचाई परियोजना सिंचित क्षेत्र 6703 हेक्टेयर रबी के लिए 224 करोड़ 46 लाख रुपये की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।
- ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास कार्य 'मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अधोसंरचना विकास योजना' के नये कार्यों को स्वीकृत करने के लिए पूंजीगत मद में 1500 करोड़ रुपये की व्यवस्था वर्ष 2023-24 के लिये की जायेगी। विभाग द्वारा सूचकांक-1 की अधिकतम सीमा 3 से बढ़ाकर 7 करने के प्रस्ताव का मंत्रिपरिषद ने अनुमोदन दिया।

हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

ग्वालियर, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की मंशा बिल्कुल साफ है, उनका उद्देश्य समाज की अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना है। इसमें हम सभी को भागीदारी करनी है और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित लोगों को योजनाओं का लाभ उनके घर-घर जाकर दिलाना है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह विचार ग्वालियर में आयोजित शिविर में व्यक्त किए।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर का आयोजन खानापूर्ति न रहे शिविर में आने वाले प्रत्येक हितग्राही को उसी दिन योजना का लाभ मिले। ग्वालियर के खरगेश्वर मंदिर रोड पर आयोजित शिविर में 4927 हितग्राहियों एवं तानसेन मकबरे के सामने पार्किंग स्थल पर आयोजित शिविर में 4216 हितग्राहियों ने शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लिया।

हर हाल में रोकें अवैध उत्खनन - मुख्यमंत्री

प्रदेश में 29 फरवरी तक चलेगा राजस्व महाअभियान

भोपाल, विभागीय गतिविधियों की नियमित समीक्षा की जाए। राजस्व, गृह और खनिज विभाग की संयुक्त बैठक की जाए एवं अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए रणनीति बनाकर कार्य किया जाए। खनिजों का अवैध उत्खनन रोकने का कार्य हर हाल में किया जाए। अवैध खनन प्रकरणों में जब सख्त कार्रवाई की जाएगी तभी पूरी तरह नियंत्रण होगा। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में प्रमुख सचिव खनिज एवं राजस्व के विभागीय प्रजेंटेशन देखने के बाद समीक्षा के दौरान कहीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रमुख सचिव, राजस्व को जनहित में अभियान संचालित कर जन समस्याओं का तय समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव श्री निकुंज श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि राजस्व महाअभियान 15 जनवरी से प्रारंभ किया गया था जो पूरे प्रदेश में संचालित किया जा रहा है। राजस्व महाअभियान आगामी 29 फरवरी तक चलेगा। इसके अंतर्गत राजस्व रिकॉर्ड के वाचन, समग्र ईकेवाईसी और समग्र से खसरे की लिंकिंग, उत्तराधिकार नामांतरण, सीमांकन, नक्शे में तरमीम अर्थात संशोधन के कार्य, नागरिकों की सुविधा के लिए लोक सेवा केंद्र के अलावा एमपी ऑनलाइन और सीएससी के कियोस्क के माध्यम से प्रकरण दर्ज करने कार्य किए जा रहे हैं। राजस्व अभिलेख में इंद्राज त्रुटियों को दुरुस्त करने का कार्य निरंतर चल रहा है। प्रदेश में बड़ी संख्या में प्रकरणों का निपटारा हो रहा है। महाअभियान के कार्यों की जिला स्तर पर प्रतिदिन समीक्षा भी की जा रही है।

सुकन्या समृद्धि योजना

बेटियों के हित में हो रहा योजना का अच्छा क्रियान्वयन

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मंत्रालय में मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल मध्यप्रदेश श्री बृजेश कुमार ने भेंट कर मध्यप्रदेश डाक परिमंडल की गतिविधियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मुख्यमंत्री को श्री बृजेश कुमार ने भगवान श्री राम दरबार का चित्र भेंट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों और बहनों के कल्याण के लिए संचालित बचत एवं बीमा योजनाओं की समीक्षा के लिए महिला बाल विकास और डाक विभाग की संयुक्त बैठक बुलाई जाएगी।

मुख्यमंत्री को डाक विभाग द्वारा हाल ही में राममंदिर पर जारी की गई विशेष डाक टिकिट भी भेंट की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मध्यप्रदेश डाक परिमंडल के अंतर्गत डाक घरों द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना सहित संचालित की जा रही अन्य बचत योजनाओं एवं शासन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को राम मंदिर पर जारी विशेष डाक टिकिट भेंट की

की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन का विवरण भी दिया गया। डॉ. यादव ने कहा कि सुकन्या समृद्धि योजना एक अभिनव योजना है। बेटियों के हित में मध्यप्रदेश में योजना का अच्छा क्रियान्वयन हो रहा है, जो सराहनीय है। डाक विभाग द्वारा बेटियों और बहनों के हित में अन्य बचत और बीमा योजनाओं का भी सभी जिलों में विस्तार होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला बाल विकास और डाक विभाग की संयुक्त बैठक में इन योजनाओं की समीक्षा कर शीघ्र ही बेहतर परिणाम प्राप्त करने का कार्य किया जाएगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खजुराहो में मतंगेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की

बेटियों को दी जायेगी साइबर सुरक्षा

भोपाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने साइबर सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि पारिवारिक सहयोग, संवाद और परामर्श से बेटियों को साइबर अपराध से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को साइबर अपराध के तौर तरीकों के बारे में निरंतर जानकारी देकर उनको जागरूक बनायें। बेटियों को साइबर अपराध से बचाव के लिये पर्याप्त प्रशिक्षण दिया जायेगा। बदलते हुए सामाजिक एवं पारिवारिक परिवेश में एकल परिवार का प्रचलन बढ़ रहा है। बच्चों को परिजनों का मार्गदर्शन मिलना जरूरी है। सबको मिलकर परिवार एवं समाज का माहौल इस प्रकार बनाना होगा जिसमें बच्चे अपने अभिभावकों से मित्रवत व्यवहार करें और बेझिझक अपनी समस्याओं को साझा कर सकें।

प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना

15 जिलों में जारी हैं 494.32 करोड़ रुपये के 6050 विकास कार्य

भोपाल, जनजातीय वर्ग के हितों की रक्षा एवं समग्र विकास के लिये भारत सरकार द्वारा विशेष केन्द्रीय सहायता के अंतर्गत प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (पीएमएएजीवाई) प्रारंभ की गई है। इस योजना में मध्यप्रदेश के 47 जिलों के जनजातीय बाहुल्य 7 हजार 307 गांव चुने गये हैं। योजना के तहत पांच सालों में 20 लाख 38 हजार रुपये प्रति ग्राम के मान से चयनित गांवों में कई विकास कार्य कराये जाएंगे।

प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत बड़वानी, भोपाल, बुरहानपुर, छतरपुर, दमोह, गुना, खण्डवा, नरसिंहपुर, राजगढ़, सिंगरौली, विदिशा, रीवा, झाबुआ, धार एवं श्योपुर कुल 15 जिलों के 2 हजार 523 गांवों में 494 करोड़ 32 लाख 45 हजार रुपये की लागत से सभी जरूरी बुनियादी सुविधाओं के अलावा कौशल उन्नयन कार्य भी कराये जा रहे हैं। जारी साल में अनूपपुर, मुरैना, सतना एवं सीधी कुल चार जिलों के 358 गांवों में विकास कार्यों के लिये 72 करोड़ 96 लाख रुपये की कार्ययोजना तैयार कर मंजूरी के लिये भारत सरकार को भेजी गई है।

इस योजना में प्रदेश के चयनित 30 जिलों के शेष 4 हजार 416 गांवों की कार्ययोजना ग्राम स्तर से ही तैयार कराई जा रही है।

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय की यह योजना वित्त वर्ष 2021-22 से 2025-26 के दौरान अमल में लाई जाएगी। इस योजना का उद्देश्य 4 करोड़ 22 लाख (देश की कुल जनजातीय आबादी का लगभग 40 फीसदी) की जनसंख्या कवर करने वाले विशिष्ट जनजातीय आबादी बाहुल्य गांवों को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करना है।

पर्यावरण सम्मेलन में मुख्यमंत्री का संबोधन

पर्यावरण संरक्षण राज्य शासन की प्राथमिकता

भोपाल, पृथ्वी को बचाने के उद्देश्य से पर्यावरण संरक्षण गतिविधियां राज्य शासन की प्राथमिकता है। पर्यावरण की रक्षा से संबंधित विशेषज्ञों के प्राप्त सुझावों पर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। नगरीय और ग्रामीण निकायों द्वारा हरीतिमा के विकास के लिए स्थान सुरक्षित किए जाएंगे। इसके साथ ही सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिया जाएगा और सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर अंकुश लगाया जाएगा। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविन्द्र सभागम में पर्यावरण सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत की संस्कृति प्रकृति से जुड़ी है। हमारी जीवनशैली पेड़ पौधों और वनों के सम्मान का आह्वान करती है। हम वसुधा को परिवार मानते हैं। प्राचीन साहित्य की रचना भोज पत्रों पर हुई। आम के पत्तों से हम मंगल द्वार सजाते हैं। जिस देश को परमात्मा ने प्रकृति से जोड़ा है, वह देश विश्व को भी नया संदेश दे रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का यश विश्व में बढ़ रहा है। श्री मोदी ने यह उदाहरण स्थापित किया कि जहां दुनिया के कई देश ताकत के बल पर सत्ता के विस्तार में लगे हैं, वहीं भारत शांति का संदेश विश्व को दे रहा है। कोविड के समय अन्य राष्ट्रों को औषधियां बांटने और पर्यावरण क्षेत्र में सभी के सहयोग से अच्छे परिणाम लाने का संकल्प प्रधानमंत्री श्री मोदी जी की नेतृत्व क्षमता का परिचायक है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविन्द्र सभागम में पर्यावरण सम्मेलन को संबोधित करते हुए

मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिक अपनी जन्म वर्षगांठ या अन्य अवसर पर पेड़ लगाना चाहें तो उन्हें वृक्ष बैंक के माध्यम से पौधे उपलब्ध करवाए जाएंगे। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देते हुए सोलर पैनल की स्थापना के लिए नागरिकों को पूरा सहयोग मिलेगा। प्रदेश में सांची सोलर सिटी की पहचान बनी है। इस कार्य का विस्तार अन्य नगरों एवं ग्रामों में होगा।

आमंत्रित पर्यावरणविद् पद्मभूषण डॉ. अनिल जोशी ने कहा कि आज विकसित देश अनेक कष्टों से गुजर रहे हैं। प्रकृति के प्रति सभी को गंभीर होना चाहिए। मध्यप्रदेश में आर्थिक विकास की तरह प्रकृति के संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों का लेखा-जोखा रखा जा रहा है, जो अनुकरणीय है। प्रख्यात गीतकार श्री समीर अंजान ने कहा कि उन्होंने सर्वाधिक गीत लिखने के कीर्तिमान बनाने के बाद अब यह संकल्प लिया है कि पर्यावरण पर केंद्रित गीत भी लिखेंगे। साथ ही कहा कि अर्जित आय का दस प्रतिशत हार्ट-फुलनेस जैसी संस्थाओं को देने का संकल्प भी लिया है।

स्कूलों में क्रियाशील पेयजल एवं स्वच्छता सुविधाएं हों

भोपाल, राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रदेश के सभी स्कूलों में क्रियाशील पेयजल एवं स्वच्छता सुविधा के संबंध में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये जिला कलेक्टर्स को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि स्कूलों में विद्यार्थियों के उत्तम स्वास्थ्य एवं शौचालय में रनिंग वाटर सुविधा सहित साबुन से हाथ धोने की सुविधा क्रियाशील स्थिति में होना अति आवश्यक है। इस व्यवस्था को कलेक्टर एवं सह जिला मिशन संचालक को सुनिश्चित करने के लिये कहा गया है।

पत्र में लिखा गया है कि स्कूलों में शौचालय बालक एवं बालिकाओं के लिये अलग-अलग उपलब्ध हो। यह कार्य जेजेएम, अमृत, समग्र शिक्षा योजना एवं जल जीवन मिशन के अंतर्गत उपलब्ध संसाधनों से किया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में नल से प्राप्त जल (टेप वाटर) उपलब्ध कराने की योजना क्रियान्वित की जायें। इसके साथ ही स्कूलों में पानी की गुणवत्ता का परीक्षण समय-समय पर किया जाये। जहां भी आवश्यकता हो कीटाणुशोधन प्रणाली सुनिश्चित की जाये।

प्रदेश में ईवीएम एफएलसी का कार्य पूर्ण

भोपाल, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) श्री अनुपम राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के अंतर्गत प्रदेश में ईवीएम मशीनों की फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) प्रक्रिया कार्य मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूर्ण हो गया है। ईवीएम मशीनों की एफएलसी बेहतर तरीके से हो, इसके लिए आयोग द्वारा नियुक्त किए गए पर्यवेक्षकों द्वारा पर्यवेक्षण किया गया। साथ ही कार्यालय के अधिकारियों व कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण भी किया गया। एफएलसी प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी मशीनों को जिलों के स्ट्रांग रूप में सुरक्षित रखा गया है। सीईओ श्री राजन ने बताया कि प्रदेश में 29 जनवरी से ईवीएम मशीनों की एफएलसी प्रक्रिया शुरू हुई थी जो 20 फरवरी तक चली।

मुख्यमंत्री ने उज्जैन में प्रयोगशाला सहित विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन और लोकार्पण

उज्जैन, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। उन्होंने 91.962 लाख रुपये की लागत से शासकीय महाविद्यालय तराना में विश्व बैंक परियोजना के अन्तर्गत प्रयोगशाला भवन का निर्माण और जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण, विकासखण्ड खाचरौद के अन्तर्गत 8.31 करोड़ रुपये की लागत से ग्राम लुसड़ावन, केसरिया, डोडिया, सकतखेड़ी, बनबना, बोरखेड़ा पित्रामल, जलोदिया जागीर, पिपल्याशीष, हताई एवं अंतरालिया की नल जल योजना का लोकार्पण, विकासखण्ड उज्जैन के अन्तर्गत 83 लाख रुपये की लागत से ग्राम करोंदिया की नल जल योजना का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन में विकास कार्यों का भूमिपूजन करते हुए

मुख्यमंत्री नगरीय अधोसंरचना तृतीय चरण के अन्तर्गत छह करोड़ रुपये की लागत से सिंधी कॉलोनी से हरिफाटक ओवर ब्रिज तक सेंट्रल लाइटिंग रोड डिवाइडर, क्षिप्रा विहार स्थित नक्षत्र उद्यान में विकास कार्य सहित विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन किया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश के

शहडोल, गुना, झाबुआ, खंडवा, कटनी, छतरपुर, पिपरिया, बैतूल, सागर, विदिशा एवं इटारसी में

एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006,
0755-2551330

प्रमुख आकर्षण

- कॅरियर की खबरें
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

रामभद्राचार्य और गुलजार

ज्ञानपीठ सम्मान से होंगे सम्मानित

संस्कृत विद्वान जगदगुरु रामभद्राचार्य और देश के जाने-माने कवि तथा गीतकार गुलजार को 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिये चयनित किया गया है। ज्ञानपीठ चयन समिति ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि यह पुरस्कार दो भाषाओं के प्रतिष्ठित लेखकों को देने का निर्णय लिया गया है। समिति ने कहा चित्रकूट में तुलसी पीठ के प्रमुख जगदगुरु रामभद्राचार्य एक प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु, शिक्षक और 100 से अधिक पुस्तकों के लेखक हैं। वहीं गुलजार उर्दू के बेहतरीन कवि और गीतकार है।

डोनाल्ड ट्रंप पर

धोखाधड़ी के एक मामले में लगा जुर्माना

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर नागरिक धोखाधड़ी के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। न्यूयॉर्क की एक अदालत ने डोनाल्ड ट्रंप और उनकी कंपनी ट्रंप ऑर्गनाइजेशन पर 355 मिलियन अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया है। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि ट्रंप ने कर्जदाताओं को धोखा दिया और अपनी कंपनियों की सम्पत्ति के मूल्य को बढ़ा-चढ़ा कर पेश किया है।

ब्लैक होल जे0529-4351

सूर्य से 500 खरब गुना चमकीला ब्लैक होल मिला

वैज्ञानिकों ने अब तक का सबसे तेज बढ़ने वाला ब्लैक होल खोजा है। ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने बताया कि यह ब्रह्मांड में ज्ञात सबसे चमकीला ऑब्जेक्ट है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह ब्लैक होल सूर्य से 17 अरब गुना बड़ा और 500 खरब गुना अधिक चमकीला है। यह अब तक खोजे गए ब्लैक होल में आकार के मामले में सबसे बड़ा है। इस ब्लैक होल को जे0529-4351 नाम दिया गया है।

अश्विन रामास्वामी

अमेरिका में चुनाव लड़ने वाले पहले भारतीय जेन-ज़ेड बने

अमेरिका में भारतीय मूल के नागरिक अश्विन रामास्वामी ने इतिहास रच दिया है। अश्विन अमेरिका में राज्य या संघीय विधायिका के लिए चुनाव लड़ने वाले पहले जेन-ज़ेड भारतवंशी बन गए हैं। 24 वर्षीय अश्विन अमेरिकी राज्य जॉर्जिया की सीनेट सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। अश्विन डेमोक्रेट पार्टी के उम्मीदवार है। अश्विन अगर चुनाव जीत जाते हैं, तो वे जॉर्जिया विधानमंडल में जगह बनाने वाले पहले भारतीय बन जाएंगे। अश्विन के माता-पिता वर्ष 1990 में तमिलनाडु से आकर अमेरिका में बस गए थे।

इसरो ने बनाया

मिशन गगनयान के लिए क्रायोजेनिक इंजन

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशन गगनयान की ओर बड़ा कदम बढ़ाया है। इसरो ने मिशन गगनयान के लिए सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन तैयार किया है। इसरो ने बताया कि सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन अब मिशन गगनयान के लिए एकदम तैयार है। कई कठिन परीक्षणों के बाद सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन को सेफ्टी सर्टिफिकेट मिल गया है। सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन का ग्राउंड क्वालिफिकेशन टेस्ट पूरा हो गया है। उल्लेखनीय है कि मिशन गगनयान तीन चरणों का होगा, इसके दो चरण मानव रहित होंगे, जबकि तीसरा चरण मानव युक्त होगा।

फिल्म ओपेनहाइमर ने

बाफ्टा में सात कैटेगरी में जीते अवॉर्ड

लंदन में आयोजित 77वें बाफ्टा (ब्रिटिश एकेडमी फिल्म अवॉर्ड्स) में क्रिस्टोफर नोलन द्वारा निर्देशित फिल्म ओपनहाइमर की धूम रही। इस पुरस्कार समारोह में ओपनहाइमर को 13 श्रेणियों में नामांकन मिले, इनमें से सात श्रेणियों में इस फिल्म ने पुरस्कार जीते। समारोह में ओपनहाइमर के लिए क्रिस्टोफर नोलन को सर्वश्रेष्ठ निदेशक, किलियन मर्फी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और रॉबर्ट डाउनी को सर्वश्रेष्ठ पुरुष सहायक अभिनेता का पुरस्कार मिला। फिल्म पुअर थिंग्स के लिए एमा स्टोन ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। उल्लेखनीय है कि बाफ्टा को विश्व के शीर्ष चार फिल्म पुरस्कारों में गिना जाता है।

लिग्नोसैट प्रोब

जापान लकड़ी से बना सैटेलाइट करेगा लॉन्च

जापान के वैज्ञानिकों ने दुनिया का पहला लकड़ी का सैटेलाइट (उपग्रह) बनाया है। मैगनोलिया लकड़ी से बने इस सैटेलाइट को लिग्नोसैट प्रोब नाम दिया गया है। छोटे आकार के इस सैटेलाइट को अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के रॉकेट के जरिए इस वर्ष लॉन्च किया जाएगा। इस सैटेलाइट को क्योटो विश्वविद्यालय और लॉगिंग कंपनी समितोमो वानिकी के शोधकर्ताओं ने बनाया है। वैज्ञानिकों के अनुसार लकड़ी जैसी खुद नष्ट हो जाने वाली सामग्रियों का उपयोग करके सैटेलाइट बनाने का प्रयास किया गया है, ताकि यह उन धातुओं का विकल्प बन सके जिनसे सैटेलाइट बनाये जाते हैं।

सीनेटर जो मैनचिन

अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ से हटे

वेस्ट वर्जीनिया प्रांत के डेमोक्रेट सीनेटर जो मैनचिन अमेरिकी राष्ट्रपति पद के चुनाव से हट गए हैं। मैनचिन ने घोषणा की है कि वे अब राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ेंगे। मैनचिन की इस घोषणा के साथ ही उनकी संभावित उम्मीदवारी के बारे में लंबे समय से चल रही अटकलों पर भी विराम लग गया है। अमेरिका में जो मैनचिन को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी कि वे नो लेबल्स संगठन की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बन सकते हैं। यह एक मध्यमार्गी संगठन है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रपति जो बाइडेन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों के खिलाफ तीसरा विकल्प स्थापित करना है। मैनचिन ने कहा कि मैं तीसरे पक्ष की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार नहीं बनना चाहता हूं, इसलिए मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा।

शाहरुख खान

दादा साहब फाल्के पुरस्कार से होंगे सम्मानित

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता शाहरुख खान को फिल्म जवान के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड दिए जाने की घोषणा हुई है। वर्ष 2023 में शाहरुख खान की तीन फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रहीं हैं। अवॉर्ड समारोह में फिल्म जवान में शाहरुख खान की सह अभिनेत्री नयनतारा को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया।

अश्वथ कौशिक ने

आठ वर्ष की आयु में शतरंज ग्रैंडमास्टर को हराया

सिंगापुर में रहने वाले भारतीय मूल के 8 वर्षीय अश्वथ कौशिक ने स्विट्जरलैंड में आयोजित बर्गडोर्फर स्टेडथास ओपन शतरंज टूर्नामेंट में इतिहास रच दिया है। अश्वथ ने टूर्नामेंट में पोलैंड के 37 वर्षीय ग्रैंडमास्टर जासेक स्टोपा को हराया। अश्वथ क्लासिकल शतरंज टूर्नामेंट में किसी भी ग्रैंडमास्टर को हराने वाले विश्व के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड सर्बिया के लियोनिड इवानोविक के नाम था।

प्रोफेसर अदिति सेन डे को

घनश्याम दास बिड़ला वैज्ञानिक शोध पुरस्कार मिलेगा

प्रयागराज के हरीश चंद्र अनुसंधान संस्थान की भौतिक वैज्ञानिक प्रोफेसर अदिति सेन डे को घनश्याम दास बिड़ला वैज्ञानिक शोध पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रो. अदिति को यह पुरस्कार के.के. बिड़ला फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2023 के लिए दिया गया है। प्रो. अदिति को यह सम्मान भौतिक विज्ञान में क्वांटम सूचना एवं संगणना के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया है। प्रो. अदिति ने क्वांटम संचार, क्वांटम क्रिप्टोग्राफी, मैनी-बॉडी क्वांटम प्रणाली और क्वांटम सूचना विज्ञान के इंटरफेस पर शोध किया है।

डेथ वैली में

भारी बारिश से बनी अस्थाई झील

अमेरिका की डेथ वैली में भारी बारिश से एक अस्थाई झील का निर्माण हो गया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने इस झील की सैटेलाइट तस्वीरें जारी की है। अलग-अलग तिथियों में खीचीं गई तस्वीरों में पानी के बढ़ते स्तर को देखा गया है। नासा ने कहा कि डेथ वैली में बनी यह झील अपना विस्तार कर रही है। यह झील कुछ किलोमीटर तक फैली हुई है, ज्यादा बारिश से ये अपना दायरा बढ़ा सकती है।

मुकेश अंबानी

शीर्ष 10 अमीरों में हुए शामिल

भारतीय उद्योगपति और रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी दुनिया के शीर्ष 10 अमीरों की सूची में शामिल हो गए हैं। प्रसिद्ध बिजनेस पत्रिका फोर्ब्स द्वारा जारी रियल टाइम बिलेनिसर्स की सूची में मुकेश अंबानी की कुल नेटवर्थ 114 बिलियन डॉलर (लगभग 9.45 लाख करोड़ रुपये) आंकी गई है। मुकेश अंबानी ने गूगल के को-फाउंडर सर्गी ब्रिन को पछाड़कर सूची में 10वां स्थान हासिल किया है। इस सूची के अनुसार फ्रांस के अरबपति बर्नार्ड अरनॉल्ट 222 बिलियन डॉलर की नेटवर्थ के साथ शीर्ष पायदान पर है।

स्मृति शेष

प्रसिद्ध रेडियो उद्घोषक अमीन सयानी का निधन

रेडियो की दुनिया की आवाज कहे जाने वाले रेडियो उद्घोषक अमीन सयानी का निधन हो गया है। वे 91 वर्ष के थे। उनके परिजनों ने बताया कि अमीन सयानी को हार्ट अटैक आया था, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अमीन सयानी के निधन पर शोक किया। सयानी वर्ष 1952 से 1994 के बीच लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम गीतमाला के होस्ट रहे हैं।

पुतिन के विरोधी एलेक्सी नवेलनी की जेल में मृत्यु

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के राजनैतिक विरोधी एलेक्सी नवेलनी की मृत्यु हो गई है। वे लंबे समय से जेल में बंद थे। नवेलनी को रूस में पुतिन का सबसे बड़ा आलोचक माना जाता है। रूस में सरकार विरोधी प्रदर्शन के कारण नवेलनी को वर्ष 2021 में जेल हुई थी। जेल में नवेलनी की मौत से संदेह गहरा गया है। जेल में पहले भी नवेलनी को जहर दिये जाने की घटना हो चुकी है।

टीवी अभिनेत्री कविता चौधरी का हुआ निधन

प्रसिद्ध टीवी अभिनेत्री कविता चौधरी का हृदयघात से निधन हो गया है। 67 वर्षीय कविता ने दूरदर्शन के सीरियल उड़ान में आईपीएस अधिकारी कल्याणी सिंह का किरदार निभाकर काफी लोकप्रियता हासिल की थी। कविता चौधरी के परिजनों के अनुसार वे कैंसर से भी पीड़ित थी।

अभिनेता ऋतुराज सिंह का कार्डियक अरेस्ट से निधन

टीवी और फिल्मों के जाने-माने अभिनेता ऋतुराज सिंह का निधन हो गया है। ऋतुराज सिंह ने कार्डियक अरेस्ट के कारण दुनिया को अलविदा कहा। 59 वर्षीय ऋतुराज सिंह पिछले कुछ दिनों से पेनक्रियाज की बीमारी से जूझ रहे थे, जिसके चलते वे कुछ दिन पहले अस्पताल में भी भर्ती हुए थे। ऋतुराज टीवी सीरीयलों और फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं।

द. अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर माइक प्रोक्टर का निधन

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर माइक प्रोक्टर का निधन हो गया है। 77 वर्षीय प्रोक्टर बेहतरीन ऑलराउंडर रह चुके हैं। प्रोक्टर ने वर्ष1967 से 1970 के बीच अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेला है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले प्रोक्टर ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 7 टेस्ट मैच खेले हैं, इन मैचों में प्रोक्टर ने 226 रन बनाये और 41 विकेट लिए हैं। क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद प्रोक्टर ने कोच, कॉमेंटेटर और आईसीसी के मैच रेफरी के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी
कामधेनु भवन, वैशाली नगर, भोपाल मध्यप्रदेश

ईमेल - dirveterinary@mp.gov.in

क्रमांक 1972/स्था.ब/स.प.चि.क्षे.अधि./2024 भोपाल, दिनांक : 15.02.2024

जाहिर सूचना

पशुपालन एवं डेयरी विभाग, म.प्र. भोपाल में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी भर्ती परीक्षा 2023 के पदों हेतु कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा दिनांक 12.02.2024 को घोषित परीक्षा परिणाम अनुसार चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन से संबंधित कार्यवाही की सूचना एवं तिथियों का विवरण विभागीय वेबसाइट **www.mpdah.gov.in** पर अभ्यर्थियों द्वारा देखा जा सकता है।

संचालक

जी-24467/49519/2024 पशुपालन एवं डेयरी, म.प्र. भोपाल

जनजातीय अनुसंधान एवं विकास संस्था
35, श्यामला हिल्स, भोपाल म.प्र.

Email : tribho@nic.in

पत्र क्रमांक/स्था./विज्ञप्ति क्र./1821 भोपाल, दिनांक : 9.02.2024

विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश जनजातीय अनुसंधान एवं विकास संस्था, मध्यप्रदेश की जनजातियों पर मानवशास्त्रीय शोध कार्य, मूल्यांकन कार्य एवं जनजाति संस्कृति का संरक्षण तथा संवर्धन व विभिन्न विकास विभागों, राजस्व व पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण आदि प्रदान करने का कार्य करती है। इस संस्था में जनजातीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं का छायांकन, डॉक्यूमेंटेशन, संग्रहालय का संरक्षण व संवर्धन किया जाता है, साथ ही जनजातीय बोली एवं भाषा का संरक्षण संवर्धन भी संस्था द्वारा किया जाता है।

वर्तमान में संस्था में अनुसंधान अधिकारी प्रथम श्रेणी, सहायक अनुसंधान अधिकारी द्वितीय श्रेणी एवं अनुसंधान सहायक के निम्न अनुसार पद रिक्त हैं :–

1. **अनुसंधान अधिकारी,** वेतनमान 15600-39100+6600 ग्रेड पे (प्रथम श्रेणी)
2. **सहायक अनुसंधान अधिकारी,** 15600-39100+5400 ग्रेड पे (द्वितीय श्रेणी)
3. **अनुसंधान सहायक,** 9300-34800+2800 ग्रेड पे (तृतीय श्रेणी कार्यपालिक)

उपरोक्त पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर शासन के विभिन्न विभागों से वांछनीय अर्हताधारी अधिकारियों एवं शासकीय सेवकों से भरे जाने हेतु एतद् द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन पत्र संस्था की वेबसाइट **tridi.mp.gov.in** अथवा के कार्यालय से कार्यालयीन समय में आवेदन का प्रारूप प्राप्त कर उपलब्ध कराए गए प्रारूप अनुसार प्रकाशन दिनांक से **पन्द्रह दिवस** के भीतर तक आवश्यक सह-पत्रों एवं योग्यताओं तथा नियोक्ता की अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

(आदेशानुसार अपर मुख्य सचिव सह-संचालक)

अपर आयुक्त

जनजातीय अनुसंधान एवं विकास संस्था, श्यामला हिल्स, भोपाल

जी-24445/49516/2024 (दूरभाष क्रमांक - 0755-2661126/2661375)

कार्यालय प्राचार्य, परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र (अनुसूचित जाति)
35, श्यामला हिल्स, भोपाल
ISO:9001:2008

E-mail : petcsc.bpl@gmail.com, Phone : 0755-2666615

पत्र/प्रशि/न.स-36/2024/1356 भोपाल, दिनांक : 14.02.2024

राज्य सेवा परीक्षा 2021 की मुख्य परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार की तैयारी हेतु विज्ञापन

म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2021 में उत्तीर्ण एवं साक्षात्कार हेतु अर्हता रखने वाले म.प्र. के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क मॉक साक्षात्कार परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल में अप्रैल 2024 के प्रथम सप्ताह में आयोजित किया जायेगा। पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थी संलग्न आवेदन में अपनी जानकारी **दिनांक 15 मार्च 2024 तक** संस्थान में व्यक्तिगत रूप से या ई-मेल द्वारा प्रेषित करें। अधिक जानकारी के लिए केन्द्र के दूरभाष क्रमांक 0755-2666615 व ई-मेल **petcsc.bpl@gmail.com** पर कार्यालयीन दिवस व कार्यालयीन समय में सम्पर्क कर सकते हैं।

प्राचार्य

परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, भोपाल म.प्र.

कार्यालय प्राचार्य, परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र (अनुसूचित जाति)
35, श्यामला हिल्स, भोपाल
ISO:9001:2008
राज्य सेवा परीक्षा 2021 के मॉक इंटरव्यू हेतु आवेदन-पत्र

1. अभ्यर्थी का नाम - .....
2. शैक्षणिक योग्यता - .....
3. पिता का नाम - .....
4. माता का नाम - .....
5. स्वयं की वार्षिक आय (यदि हो) - .....
6. परिवार की वार्षिक आय - .....
7. निवास का वर्तमान पता - .....
8. जाति ..... उपजाति .....
9. मोबाइल नं. - .....
10. ई-मेल आई.डी. - .....
11. राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2021 का अनुक्रमांक - .....
12. विगत वर्षों में राज्य सेवा मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण की हो तो उसका विवरण -
    - मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण वर्ष .....
    - मुख्य परीक्षा के प्राप्तांक .....
    - इंटरव्यू के प्राप्तांक .....
    - उस वर्ष का कट ऑफ .....
13. अभ्यर्थी यदि शा. सेवा में है तो उसका विवरण .....पद .....
14. अभिरुचि - .....

अभ्यर्थी के हस्ता. - .....
नाम - .....
पता - .....

जी-24454/49517/2024

कार्यालय अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मण्डल, ग्वालियर (म.प्र.) पिन-474011

फोन : 0751-2344420 (O) ईमेल : seresgwalior@mp.gov.in

क्रमांक/193/ग्रा.यां.से./ई-निविदा/2024 ग्वालियर, दिनांक : 14.02.2024

संक्षिप्त ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक - 10/SERESGwl/2023-24

निम्नलिखित कार्यों हेतु म.प्र. सरकार के केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत अथवा अन्य समकक्ष/समतुल्य श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र.	टेण्डर आईडी क्र.	कार्य का नाम/स्थान	जिले का नाम	कार्य की अनु. लागत (₹) लाख में	समयावधि (वर्षाकाल सहित)
1.	2024_RES_333187_1	02 स्पान स्लेब कल्वर्ट निर्माण कार्य सिंहपुर से हॉसलपुर ग्रा. पं. सिंगपुर ज.पंचा. गुना (पिन 473001)	गुना	108.39	270 दिन
47. कौन सी किरणें त्वचा को क्षति पहुंचाती हैं?
अ. इन्फ्रारेड रेंज ब. UV रेंज
स. X रेंज द. यलो रेंज
उत्तर- ब. UV रेंज

48. चैर्नोबिल आपदा किसके प्रदूषण का परिणाम है?
अ. तेल छितराव
ब. रेडियोधर्मी अपशिष्ट
स. अम्ल वर्षा
द. CO_2
उत्तर- ब. रेडियोधर्मी अपशिष्ट

श्रृद्धा सुमन
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करती हैं)

गौ-माता के सम्मान के लिए महत्वपूर्ण फैसले शीघ्र

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में मंत्रिपरिषद की बैठक के पहले मंत्रीगण से चर्चा में कहा कि प्रदेश में गौ-माता के सम्मान के लिए शीघ्र ही कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने हैं। डॉ. यादव ने कहा कि अक्सर वर्षाकाल में प्रमुख सड़कों और राजमार्गों पर गौ-माता के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबरें सामने आती हैं। कई बार गौ-माता इन दुर्घटनाओं का शिकार होकर मृत्यु को प्राप्त हो जाती हैं। इसलिए ऐसी व्यवस्था आवश्यक है कि गौ-माता सड़कों पर न दिखें और उन्हें गौशालाओं अथवा सुरक्षित स्थानों में स्थान मिले। इसके अलावा गौशालाओं के लिए राशि और मानदेय वृद्धि का निर्णय लिया जाएगा। श्रेष्ठ प्रबंधन से गौ-माता के सम्मान में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। यदि गौ-माता मृत्यु का शिकार होती हैं तो उनके सम्मानजनक दाह संस्कार की व्यवस्था होना चाहिए। इस संबंध में ग्राम पंचायत, नगर परिषद और नगर निगम का दायित्व निर्धारित किया जाएगा। गौ-माता के अवशेष कहीं अपमानित न हों इसके लिए समाधि अथवा उनके दाह संस्कार के लिए आवश्यक बजट आवंटन किया जाएगा।

मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की घोषणा का मेजें थपथपाकर स्वागत किया। मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने कहा कि सामाजिक संस्थाओं का सहयोग भी इस कार्य में लिया जाए। डॉ. यादव ने पशुपालन एवं डेयरी विभाग को इस संबंध में आवश्यक तैयारी के निर्देश दिए ताकि वर्षाकाल के पूर्व व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सकें। पशुपालन मंत्री श्री लखन पटेल ने कहा कि वे शीघ्र ही गौशाला संचालकों को बैठक में आमंत्रित कर सुझाव प्राप्त करेंगे।

संघ लोक सेवा आयोग

पद का नाम – आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, आईआरएस सहित अन्य पद
पदों की संख्या - 1056
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 05 मार्च 2024
वेबसाइट – https://upsc.gov.in/

भारतीय तटरक्षक बल

पद का नाम – सहायक कमांडेंट
पदों की संख्या - 70
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 06 मार्च 2024
वेबसाइट – https://joinindiancoastguard.cdac.in/

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई)

पद का नाम – मैनेजर (क्रेडिट एनालिस्ट), सहायक प्रबंधक (सुरक्षा एनालिस्ट), उप प्रबंधक (सुरक्षा एनालिस्ट), मैनेजर (सुरक्षा एनालिस्ट), सहायक महाप्रबंधक (एप्लिकेशन सुरक्षा), सर्किल रक्षा बैंकिंग सलाहकार (सीडीबीए)
पदों की संख्या - 131
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 04 मार्च 2024
वेबसाइट – https://sbi.co.in/hi/web/careers

यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन

पद का नाम – असिस्टेंट डायरेक्टर, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, साइंटिस्ट - 'बी', स्पेशलिस्ट ग्रेड III, इंजीनियर और शिप सर्वेयर कम-डिप्टी डायरेक्टर
पदों की संख्या - 120
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 01 मार्च 2024
वेबसाइट – https://upsc.gov.in/

श्री चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, त्रिवेंद्रम

पद का नाम – प्रशासनिक चिकित्सा अधिकारी, वरिष्ठ क्रय एवं भंडार अधिकारी
पदों की संख्या - उल्लेखित नहीं
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 04 मार्च 2024
वेबसाइट – https://www.sctimst.ac.in/

भारतीय प्रबंध संस्थान अमृतसर

पद का नाम - वरिष्ठ प्रबंधक (कार्यक्रम, आईटी और सिस्टम्स), प्रबंधक (वित्त और लेखा, कॉर्पोरेट संबंध), उप प्रबंधक (प्रशासन, आईटी और सिस्टम्स, एमबीए ऑफिस), कनिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा), सीनियर एसोसिएट (वित्त और लेखा, प्रोक्योरमेंट और इन्वेंटरी), जूनियर एसोसिएट (मा.सं. और प्रशासन, कार्यक्रम), सीनियर एसोसिएट (वेब एप्लीकेशन), प्रोग्रामर, जूनियर प्रोग्रामर, जूनियर एसोसिएट (आईटी और सिस्टम्स, प्रोक्योरमेंट और इन्वेंटरी), सीनियर एसोसिएट (प्रोक्योरमेंट और इन्वेंटरी)
पदों की संख्या - 23
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 03 मार्च 2024
वेबसाइट - https://iimamritsar.ac.in/

इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल)

पद का नाम – प्रबंधन प्रशिक्षु (केमिकल, मैकेनिकल, सिविल)
पदों की संख्या - 43
योग्यता - न्यूनतम 65% अंकों सहित पूर्णकालिक इंजीनियरिंग डिग्री
अंतिम तिथि - 05 मार्च 2024
वेबसाइट - https://engineersindia.com/

पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड

पद का नाम - जूनियर इंजीनियर
पदों की संख्या - 544
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 01 मार्च 2024
वेबसाइट - https://pspcl.in/

सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड

पद का नाम - महाप्रबंधक/अपर महाप्रबंधक (वित्त), अपर महाप्रबंधक (व्यवसाय विकास एवं विपणन, कॉर्पोरेट समन्वय), मुख्य प्रबंधक/वरिष्ठ तकनीकी प्रबंधक (माइक्रोवेव), सहायक तकनीकी प्रबंधक (एसबीएमयू), उप अभियंता (एसपीडी, एमईडी), क्रय अधिकारी (एमएमडी) आदि
पदों की संख्या - 29
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 01 मार्च 2024
वेबसाइट – https://www.celindia.co.in/

पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज, चंडीगढ़

पद का नाम – प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर (एयरोस्पेस इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, धातुकर्मीय एवं सामग्री इंजीनियरिंग, गणित, भौतिकी, प्रबंधन एवं मानविकी केंद्र)
पदों की संख्या - 32
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 04 मार्च 2024
वेबसाइट – https://pec.ac.in/

पांडिचेरी इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी

पद का नाम – शिक्षण सहयोगी (संविदा आधार पर)
पदों की संख्या - उल्लेखित नहीं
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 01 मार्च 2024
वेबसाइट – https://pihmct.py.gov.in/

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)

पद का नाम - वैज्ञानिक/अभियंता, तकनीकी सहायक, वैज्ञानिक सहायक, लाइब्रेरी सहायक, तकनीशियन-बी, ड्राफ्ट्समैन-बी, फायरमैन-ए, कुक, लघु वाहन चालक, भारी वाहन चालक
पदों की संख्या - 376
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 01 मार्च 2024
वेबसाइट - https://www.isro.gov.in/

इंटर्नशिप

समर रिसर्च इंटर्नशिप प्रोग्राम

किनके लिए - इसे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गांधीनगर की तरफ से पेश किया गया है। इसके तहत विद्यार्थियों को रिसर्च का अवसर मिलेगा
योग्यता - ग्रेजुएशन या पोस्ट ग्रेजुएशन कर रहे छात्र
क्या मिलेगा - अभ्यर्थियों को 2 हजार रुपये का साप्ताहिक स्टाइपेंड व अन्य लाभ
अंतिम तिथि - 5 मार्च 2024
वेबसाइट - https://srip.iitgn.ac.in/info/

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित)

नमो ड्रोन दीदी योजना

महिला स्वावलम्बन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में आएगा बदलाव

महिला स्व-सहायता समूहों ने देशभर में स्वरोज़गार के कई आयाम निर्मित किये हैं। राष्ट्रीय आजीविका मिशन द्वारा बनाये गए स्व-सहायता समूहों ने आर्थिक स्वावलम्बन के विभिन्न कीर्तिमान रचे हैं।

मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन-दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा ग्रामीण गरीब परिवारों की महिलाओं के सशक्त स्व-सहायता समूह बनाए गए। इन समूहों का संस्थागत विकास कर उन्हें आजीविका के संवहनीय अवसर उपलब्ध किये जा रहे हैं। इस तरह प्रदेश में 5 लाख से अधिक स्व-सहायता समूहों से 61 लाख से अधिक परिवारों को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

इनमें से कृषि एवं पशुपालन आधारित गतिविधियों से जोड़े गये परिवारों की संख्या लगभग 25 लाख 55 हजार है। सरकार कृषि आधारित गतिविधियों से जुड़े इन परिवारों को कृषि की आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आजीविका समूह की महिलाओं के लिए नमो ड्रोन दीदी योजना शुरू की है। प्रधानमंत्री द्वारा 30 नवम्बर, 2023 को शुरू की गयी इस योजना का लक्ष्य है स्व-सहायता समूह द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव लाना। इसमें स्व-सहायता समूह की दीदियों को ड्रोन उपलब्ध कराए जायेंगे। ड्रोन दीदी योजना में केन्द्र सरकार द्वारा देशभर में 15,000 महिला स्व-सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान किया जायेगा। सरकार द्वारा ड्रोन चलाने के लिए विधिवत 10 से 15 दिवस की ट्रेनिंग दी जायेगी, ताकि महिलाएं अच्छे से ड्रोन चलाना सीख सकें।

क्या है ड्रोन तकनीक

ड्रोन तकनीक नैनो फर्टीलाइजर के क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीक है। इसमें ड्रोन के माध्यम से फर्टीलाइजर तथा पेस्टीसाइड का छिड़काव किया जाता है। इसके द्वारा मात्र 10 मिनिट में एक एकड़ क्षेत्र में छिड़काव किया जा सकता है।

क्या लाभ हैं ड्रोन तकनीक के उपयोग से

यह कृषि क्षेत्र में उर्वरक तथा कीटनाशकों के लिए होने वाले छिड़काव की अत्याधुनिक तकनीक है। ड्रोन में स्प्रे टैंक की क्षमता 10 लीटर होती है तथा एक दिन में स्प्रे करने की क्षमता 25 से 30 एकड़ है। इसके द्वारा समय की बचत, श्रम की बचत, कार्य करने वाले व्यक्तियों की बचत होती है। ड्रोन द्वारा होने वाले छिड़काव से उर्वरक तथा कीटनाशक सीधे जमीन के अंदर पहुंचते हैं। जिससे इसका तुरंत लाभ होता है। सामान्य तकनीक में उर्वरक अथवा कीटनाशक डाले जाने के बाद खेतों की सिंचाई करना आवश्यक है। ड्रोन द्वारा छिड़काव होने के बाद पानी की आवश्यकता नहीं होती इस तरह पानी की भी बचत होती है।

कौन ले सकता है योजना का लाभ

इस योजना के लिए केवल महिला स्व-सहायता समूह ही पात्र हैं। स्व-सहायता समूह द्वारा ड्रोन का उपयोग

केवल कृषि कार्य के लिए ही किया जाना अनिवार्य है।

क्या लाभ दिया जाता है योजना में

इस योजना में स्व-सहायता समूहों को ड्रोन खरीदने के लिए आर्थिक सहयोग दिया जाता है। एक ड्रोन की कीमत 10 लाख रुपये है, जिसमें से 80 प्रतिशत यानि 8 लाख रुपये का अनुदान दिया जाता है शेष 20 प्रतिशत राशि, दो लाख रुपये का व्यय हितग्राही द्वारा किया जाता है। इस दो लाख रुपये का दीदियों द्वारा बैंक लोन लिया जा सकता है।

वर्ष भर में लगभग 2500 से 3000 एकड़ तक छिड़काव करने की योजना बनायी जाना प्रस्तावित है। अत: ड्रोन के रख-रखाव के साथ ड्रोन दीदी को हर महीने लगभग 10 हजार से 15 हजार रुपये प्राप्त हो सकते हैं।

योजना का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज

- महिला स्व-सहायता समूह की पंजीकरण संख्या
- समूह की सभी महिला सदस्यों के आधार कार्ड
- मोबाइल नम्बर
- समूह के बैंक खाते का विवरण
- पेन कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, ई-मेल आईडी आदि।

कैसे किया जाता है हितग्राहियों का चयन

नमो ड्रोन दीदी योजना में महिला स्व-सहायता समूहों का चयन सरकार द्वारा बनाई गई जिलेवार समिति द्वारा किया जाता है। केवल उन्हीं महिला स्व-सहायता समूहों को नमो ड्रोन दीदी योजना में ड्रोन पर अनुदान देने हेतु विचार किया जायेगा जो विधिवत पंजीकृत हैं। ड्रोन दीदी हेतु ऐसे समूह सदस्यों का चयन किया जाता है जो आसपास के ग्रामों में भ्रमण करने हेतु तैयार हो।

जिला समिति द्वारा चयनित समूह की जानकारी समूह के मुखिया या अध्यक्ष को दी जाती है। चयनित महिला स्व-सहायता समूह की समस्त महिलाओं को ड्रोन संचालन तथा अन्य तकनीकी विवरण का प्रशिक्षण दिया जाता है। ड्रोन उड़ाने का प्रशिक्षण पूर्ण हो जाने के बाद ही महिला स्व-सहायता समूह नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत ड्रोन खरीदने के लिए अनुदान की पात्र होंगी।

ड्रोन खरीदने के बाद महिला स्व-सहायता समूह अपने आसपास के किसानों के खेतों में उर्वरक तथा कीटनाशकों के छिड़काव हेतु ड्रोन किराए पर दे सकती हैं। इस योजना से जुड़ी किसी भी जानकारी के लिए, स्व-सहायता समूह का कोई भी सदस्य अपने निकटतम प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र या अपनी ग्राम पंचायत में संपर्क कर सकता है।

नमो ड्रोन योजना का महत्व

नमो ड्रोन योजना के महत्व को इस आधार पर समझा जा सकता है कि यह योजना स्व-सहायता समूह की महिलाओं के आर्थिक उपार्जन पर केन्द्रित है। ड्रोन के उपयोग के पूर्व ही ड्रोन दीदी द्वारा एक व्यवसायिक कार्य योजना तैयार की जायेगी जिसमें वर्ष में कितने एकड़ में छिड़काव किया जायेगा, प्रति एकड़ कितना शुल्क लिया जायेगा आदि शामिल है।

एक ड्रोन दीदी को वर्ष भर में लगभग 2500 से 3000 एकड़ तक छिड़काव करने की योजना बनायी जाना प्रस्तावित है। अत: ड्रोन के रख-रखाव के साथ ड्रोन दीदी को हर महीने लगभग 10 हजार से 15 हजार रुपये प्राप्त हो सकते हैं। यह अन्य कृषकों के यहां कीटनाशकों तथा उर्वरकों के छिड़काव से मिलने वाले ड्रोन के किराए से समूह सदस्यों को मिलने वाली आय है। इस तरह कुल मिलाकर स्व-सहायता समूह की हर दीदी की आय लगभग एक लाख या उससे अधिक हो जायेगी जो ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाली गरीब बहन के जीवन में बड़ा परिवर्तन है।

यह योजना देशभर की महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं की आय बढ़ाने में युगांतकारी मोड़ है। इस योजना ने नई तकनीक को गांव-गांव में पहुंचाने का अभूतपूर्व कार्य किया है। गांव का वंचित वर्ग, कृषि की अत्याधुनिक तकनीक से जुड़ रहा है। इस तकनीक से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गुणात्मक बढ़ोतरी होगी। वर्तमान लक्ष्य के अनुसार देशभर की 1500 स्व-सहायता समूहों द्वारा ग्रामीण महिला स्वावलम्बन और आर्थिक विकास के नये कीर्तिमान रचे जाने की संभावना है। निश्चित ही यह प्रधानमंत्री जी के नये आत्मनिर्भर भारत निर्माण की परिकल्पना को आकार देने की महत्वपूर्ण कड़ी है।

- देवेन्द्र गोरे
(लेखक, सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)

पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना

सूर्य की ऊर्जा से एक करोड़ घरों को मिलेगी मुफ्त बिजली

विकसित और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नई नीतियां बनाई जा रही हैं। सरकार ने भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। ऊर्जा के मामले में विकास की प्रक्रिया को मजबूत करने और लोगों को सुखद जीवन उपलब्ध कराने के लिए नए और नवाचारी प्रयास किए जा रहे हैं। भारत को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी लगातार प्रयास कर रहे हैं। 2014 में जब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सत्ता संभाली थी, तब देश में नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता महज 20 गीगावॉट थी, तब श्री मोदी ने 2022 तक इसे 100 गीगावाट तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा था। इस लक्ष्य को समय से पहले ही हासिल कर लिया गया। इसी के साथ देश 2030 तक रेलवे को हरित बनने और 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। इन लक्ष्यों की पूर्ति और देश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री सूर्योदय (पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना) योजना शुरू की गई। इसके तहत एक करोड़ घरों की छत पर रूफटॉप सोलर प्रणाली लगाई जाएगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य सौर ऊर्जा का उपयोग करके लोगों को मुफ्त बिजली प्रदान करना है।

22 जनवरी को लिया गया निर्णय

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर अपनी अयोध्या यात्रा के तुरंत बाद अपने आवास पर बैठक कर प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना शुरू करने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा कि सूर्य की ऊर्जा का उपयोग छत वाले प्रत्येक घर द्वारा अपने बिजली के बिल को कम करने और उन्हें अपनी बिजली की जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर बनाने के लिए किया जा सकता है। प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना का लक्ष्य निम्न और मध्यम आय वाले व्यक्तियों को रूफटॉप सौर ऊर्जा की स्थापना के माध्यम से बिजली उपलब्ध कराना है। साथ ही अतिरिक्त बिजली उत्पादन के लिए अतिरिक्त आय का अवसर उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने आवासीय क्षेत्र के उपभोक्ताओं को रूफटॉप सौर ऊर्जा अपनाने को प्रेरित करने के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय अभियान शुरू करने की बात भी कही।

ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर कदम

यह योजना न केवल ऊर्जा के क्षेत्र में बदलाव लाने का प्रयास है, बल्कि लोक कल्याण और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। सूर्य की ऊर्जा को बिजली उत्पादन के लिए उपयोग करने का यह प्रयास न केवल वातावरण के प्रति प्रधानमंत्री श्री मोदी की जिम्मेदारी को दर्शाता है, बल्कि यह लोगों को बिजली के बिल से छुटकारा दिलाने में भी मदद करेगा। यह योजना न केवल बिजली के खर्च को कम करेगी, बल्कि लोगों को अपनी ऊर्जा संबंधी जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर भी बनाएगी। इसके साथ ही बड़ी संख्या में लोग सौर ऊर्जा का उपयोग करने के लिए प्रेरित होंगे। यह महत्वपूर्ण कदम हमें ऊर्जा के क्षेत्र में एक नई दिशा में ले जाने में मदद करेगा।

सरकार देगी आर्थिक सहायता

यह योजना लोगों को सरल, सस्ती और एकाधिक उपयोगी ऊर्जा की ओर प्रोत्साहित करेगी। योजना के तहत सरकार द्वारा आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। सरकार सीधे बैंक खातों में सब्सिडी या रियायती दर पर ऋण के रूप में लाभ प्रदान करेगी, ताकि लोगों को सोलर प्रणाली की स्थापना के लिए आर्थिक समस्या न हो। इसके साथ ही राष्ट्रीय ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक हितधारक को जोड़ा जाएगा, जिससे लोगों को एक ही स्थान पर आवश्यक सूचना और सहायता मिल सके। यह योजना न केवल एक ऊर्जा क्रांति की शुरुआत है, बल्कि यह समाज की प्रगति और पर्यावरण संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना के माध्यम से हम एक स्वच्छ, सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

बिजली बिल से मिलेगी राहत

इस योजना के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आम जनता के जीवन को बेहतर बनाने का एक और बड़ा कदम उठाया है। यह एक ऐसी पहल है, जो गरीबी से लड़ने और आत्मनिर्भरता की दिशा में मदद करेगी। बिजली के अभाव में लोगों की जीवनशैली प्रभावित होती है। यह उन्हें न्यूनतम सुविधाओं से भी वंचित कर देती है। गरीबी और ऊर्जा की कमी के कारण अनेक लोग अधिकतर समय बिजली के भारी बिल का सामना करते हैं। ऐसे में मुफ्त बिजली प्राप्त करना एक बड़ी राहत होगी। मुफ्त बिजली मिलने से लोगों की जीवनशैली में सुधार होगा और उन्हें भविष्य में बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी।

बढ़ेंगे रोज़गार के अवसर

इस योजना के अंतर्गत एक करोड़ घरों की छतों पर रूफटॉप सोलर प्रणालियां लगाई जाएंगी। जिससे ऊर्जा विनिर्माण में स्थिरता आएगी और सुरक्षा बढ़ेगी। यह योजना ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रोज़गार के नए अवसर भी उत्पन्न करेगी। यह समाज के विकास के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति भावनात्मक संवेदनशीलता को भी बढ़ाएगी। छतों पर सोलर प्रणालियों की स्थापना से न केवल बिजली का उत्पादन होगा, बल्कि प्रदूषण को कम करने में भी मदद मिलेगी। इसका ग्लोबल वार्मिंग के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण योगदान होगा। इस योजना के माध्यम से लोगों को अधिक आय, कम बिजली बिल और रोज़गार के अवसर प्राप्त होंगे और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। यह योजना भारतीय अर्थव्यवस्था को भी प्रोत्साहित करेगी, क्योंकि सोलर पावर क्षेत्र में नए अवसर उत्पन्न होंगे। यह नौकरियों की संभावनाओं को बढ़ाएंगे और भारत को नवाचारिक ऊर्जा संसाधनों के विकास में एक नेतृत्व भूमिका प्रदान करेंगे। इस योजना को जमीनी स्तर पर लोकप्रिय बनाने के लिए स्थानीय स्तर पर शहरी निकायों और पंचायतों को अपने अधिकार क्षेत्र में छत पर सौर प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। यह एक नए ऊर्जा स्रोत के रूप में सौर ऊर्जा का उपयोग कर ऊर्जा क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाएगा।

योजना के तहत होगा 75 हजार करोड़ रुपये का निवेश

इस योजना के तहत हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करके 1 करोड़ घरों को रोशन करने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना के लिए 75 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जा रहा है। इससे न केवल लोगों को बिजली के लिए आत्मनिर्भर बनाया जाएगा, बल्कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगी। यह एक महत्वपूर्ण पहल है, जो गरीबी के खिलाफ लड़ाई में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरगामी दृष्टिकोण को दर्शाती है। यह योजना गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए बड़ी राहत प्रदान करने वाली होगी।

इस प्रकार पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली (प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना) योजना सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है। यह भारतीय समाज को स्वच्छ, सस्ती और समृद्ध ऊर्जा की ओर अग्रसर करने में मदद करेगी। यह योजना लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान करेगी, उन्हें नए रोज़गार के अवसर प्रदान करेगी और पर्यावरण को भी सुरक्षित रखने में मदद करेगी। साथ ही, यह योजना स्थानीय समुदायों को भी सशक्त बनाएगी और उन्हें ऊर्जा क्षेत्र में अपनी भूमिका निभाने का मौका देगी। इस योजना के माध्यम से हम एक नए और ऊर्जावान भारत की दिशा में अग्रसर हो रहे हैं, जो हमें मजबूत और समृद्ध भविष्य की ओर ले जाएगा।

- निशा त्यागी
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं और समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं)

विश्व एनजीओ दिवस - 27 फरवरी

एनजीओ के साथ जुड़ने का अवसर देता है यह दिवस

विश्व एनजीओ दिवस के आयोजन का उद्देश्य लोगों को एनजीओ के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने का अवसर देना और एनजीओ तथा सार्वजनिक व निजी क्षेत्र के बीच अधिक सहजीवन को प्रोत्साहित करना है। विश्व एनजीओ दिवस की सार्वभौमिक अवधारणा विश्वभर के विभिन्न एनजीओ तथा उनसे जुड़े लोगों के साथ जश्न मनाने, उनका अभिनन्दन करने तथा उन्हें सहयोग प्रदान करने से भी सम्बद्ध है। विश्वभर के एनजीओ के लिए विश्व एनजीओ दिवस एक-दूसरे के साथ ज्ञान और अनुभव को साझा करने का माध्यम भी है। इसका उद्देश्य विश्वभर के लोगों को एनजीओ और उनके प्रभाव के बारे में शिक्षित करना है और विश्व एनजीओ दिवस, एनजीओ संस्थापकों, कर्मचारियों, स्वयंसेवियों, सदस्यों और समर्थकों को सम्मानित करने और याद करने का अवसर भी प्रदान करता है। एनजीओ पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक और जीवन मूल्यों के उन्नयन से जुड़े विषयों और मानव अधिकार की सुरक्षा के कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। वे व्यापक स्तर पर या बहुत ही स्थानीय स्तर पर सामाजिक या राजनीतिक परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए भी काम करते हैं। एनजीओ समाज के विकास, समुदायों में सुधार और नागरिक भागीदारी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे लोगों तक पहुंचने के लिए विभिन्न सामाजिक स्तरों पर सामाजिक मध्यस्थ के रूप में कार्य करते हैं। वे सरकार और आम जनता के बीच कड़ी का काम करते हैं। गैर-सरकारी संगठन विभिन्न वित्तीय स्रोतों पर निर्भर रहते हैं, जिसमें व्यक्तिगत दान और सदस्यता शुल्क से लेकर सरकारी सहायता तक शामिल होती है।

एनजीओ दिवस का प्रादुर्भाव बाल्टिक-सी फोरम से हुआ था

एनजीओ दिवस के प्रादुर्भाव की यदि हम चर्चा करें तो 'बाल्टिक-सी एनजीओ फोरम' के सदस्य देशों द्वारा औपचारिक रूप से मान्यता दिये जाने के बाद 'विश्व एनजीओ दिवस' ने अपना आधिकारिक दर्जा ग्रहण किया था। बेलारूस, डेनमार्क, एस्टोनिया, फिनलैंड, जर्मनी, आइसलैंड, लटविया, लिथुआनिया, पोलैंड, रूस, नॉर्वे और स्वीडन बाल्टिक-सी फोरम के सदस्य थे। इस दिन को आधिकारिक तौर पर वर्ष 2010 में ही मान्यता दे दी गई थी, लेकिन वर्ष 2014 में पहली बार 'विश्व एनजीओ दिवस' मनाया गया।

दुनियाभर में गैर-सरकारी संगठनों के बेहतरीन योगदान के विषय में जागरूकता फैलाने और सार्वजनिक एवं निजी दोनों क्षेत्रों में सामाजिक कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों का सम्मान करने के लिये इस दिवस की कल्पना की गई थी। भारत के परिप्रेक्ष्य में यदि हम चर्चा करें तो भारत में हजारों गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) मौजूद हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में काम करते हैं और सामाजिक परिवर्तन लाने में सूत्रधार, उत्प्रेरक या भागीदार की महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। विश्व एनजीओ दिवस, एनजीओ क्षेत्र के समर्थकों, अंतर्राष्ट्रीय और सरकारी जननेताओं, बहुपक्षीय और द्विपक्षीय संगठनों, निजी क्षेत्रों, समुदायों, शिक्षकों, शिक्षार्थियों तथा क्षेत्र के विशेषज्ञों को एक साथ लाकर, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया से लेकर उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका तक मनाया जाता है।

भारतीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था में गैर सरकारी संगठन की भूमिका

समाज में कोई भी व्यापक बदलाव लाने के लिये सामुदायिक स्तर के संगठन और स्वयं सहायता समूह महत्त्वपूर्ण हैं। भारतीय लोकतंत्र में गैर-सरकारी संगठनों की भूमिका सरकार के जनकल्याणकारी कार्य में यदि कोई अन्तराल आता है तो उसे कम करना है। देश मैं गैर-सरकारी संगठन कमियों को दूर करने का प्रयास करते हैं और राज्य की परियोजनाओं से अछूते रह गए लोगों और वर्गों तक पहुंचते हैं। भारत में जब गत वर्षों में प्रवासी कामगारों को कोरोना महामारी कोविड-19 के संकट का सामना करना पड़ा तब सरकार के साथ-साथ गैर सरकारी संगठनों ने भी आगे बढ़कर सहायता प्रदान की थी। वर्तमान परिदृश्य में, जब भारत अभी भी कोविड-19 के नये-नये वैरिएंट से कुछ क्षेत्रों में छोटे पैमाने पर मुकाबला कर रहा है, तब भी गैर-सरकारी संगठन जमीनी स्तर पर बेहतर काम कर रहे हैं और प्रभावित वर्गों को राहत प्रदान करने हेतु सरकार के प्रयासों को पूरा करने के लिये अथक प्रयास कर रहे हैं, साथ ही वे सबसे कमजोर समुदायों के लिये टीकाकरण अभियान में भी सक्रिय रूप से संलग्न हैं। भारत में मौजूदा गैर-सरकारी संगठन जिन गतिविधियों में तेजी लाने पर ध्यान दे रहे हैं उनमें गरीबी उपशमन, जल संरक्षण और सम्वर्धन, पर्यावरण संरक्षण, महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा और साक्षरता से सम्बन्धित मुद्दे प्रमुख हैं। भारत में गैर सरकारी संगठन स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आजीविका प्रबन्ध जैसे अहम् मुद्दों पर भी काम कर रहे हैं। ऐसे राजनीतिक गैर-सरकारी संगठन भी हैं जो सरकार की नीतियों और कार्यों के लिये जनता की राय जुटाते हैं।

बदलाव और कानून बनाने में गैर सरकारी संगठनों की पहल

शासन के साथ सहभागिता और कई बदलाव और कानून लागू करवाने में भी गैर सरकारी संगठनों की उल्लेखनीय पहल रही है। पिछले कुछ सालों में स्वच्छ भारत अभियान और सर्वशिक्षा अभियान जैसे प्रमुख अभियानों को सफलतापूर्वक लागू करने के लिये भी गैर सरकारी संगठनों ने सरकार के साथ भागीदारी की।

सामाजिक अंतर-मध्यस्थता के रूप में समाज में परिवर्तन और वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिये प्रचलित सामाजिक परिवेश के भीतर सामाजिक और व्यवहारिक दृष्टिकोण को बदलने में भी गैर सरकारी संगठनों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सच तो यह है कि भारतीय सन्दर्भ में गैर सरकारी संगठन उत्प्रेरक के रूप में कार्य करते हैं और लोगों में जागरूकता पैदा करते हैं।

एनजीओ की कार्यप्रणाली और विदेशी धन का विनियमन

एनजीओ यानी नॉन गवर्नमेंट ऑर्गेनाइजेशन जिसे हिंदी में गैर सरकारी संगठन के रूप में जाना जाता है, का कार्य मुख्य तौर पर जरूरतमन्द लोगों की मदद करना होता है। प्रायः सभी गैर-सरकारी संगठन पंजीकृत होते हैं और अलग-अलग क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए कार्य करते हैं। यह संगठन बिना किसी शुल्क के गरीबों, असहायों, शारीरिक रूप से अक्षम, अनाथ, विधवा और वृद्ध लोगों के बेहतर जीवन के लिए उनकी मदद करते हैं। समाज के लिए बेहतर कार्य करने के लिए एनजीओ को सरकार की तरफ से आर्थिक सहायता के साथ-साथ समय-समय पर प्रोत्साहन भी मिलता है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों का विदेशी योगदान (विनियमन) अधिनियम, 2010 के अन्तर्गत पंजीकरण करता है। इस पंजीकरण का अभिप्राय गैर सरकारी संगठन को विदेश से मिलने वाले धन की निगरानी करना होता है। अनियमितता की शिकायत मिलने पर सरकार इस लाइसेंस का निलम्बन भी कर सकती है। इस एक निलंबन का मतलब है कि एनजीओ अब धनदाताओं से वर्तमान में तब तक विदेशी धन प्राप्त नहीं कर सकते हैं, जब तक कि गृह मंत्रालय द्वारा जाँच नहीं की जाती है।

- राजा दुबे
(लेखक, जनसंपर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं।)

आइवरी कोस्ट ने जीता अफ्रीका कप ऑफ नेशंस टूर्नामेंट

एबिडजान, आइवरी कोस्ट ने अफ्रीका कप ऑफ नेशंस फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। टूर्नामेंट के फाइनल में आइवरी कोस्ट ने नाइजीरिया को 2-1 से हराया। फाइनल मुकाबले में पहला गोल नाइजीरिया के कप्तान विलियम ट्रूस्ट इकोंग ने किया। ट्रूस्ट ने पहले हाफ के 38वें मिनट में किया। दूसरे हाफ में भी नाइजीरिया की टीम ने आक्रामक खेल दिखाया, लेकिन आइवरी कोस्ट ने बेहतरीन पलटवार किया। आइवरी कोस्ट के लिए पहला गोल फ्रैंक केसी ने मैच के 62वें मिनट में किया, वहीं सबेस्टियन हालेर ने 81वें मिनट में दूसरा गोल कर आइवरी कोस्ट को 2-1 की बढ़त दिलाई। आइवरी कोस्ट ने इसी स्कोर के साथ मैच और खिताब दोनों अपने नाम किया। उल्लेखनीय है कि आइवरी कोस्ट ने तीसरी बार यह टूर्नामेंट जीता है।

भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज

भारत ने दर्ज की अपनी सबसे बड़ी टेस्ट जीत

राजकोट, भारतीय क्रिकेट टीम ने युवा खिलाड़ियों के दम पर टेस्ट क्रिकेट में आक्रामक खेल के लिए मशहूर इंग्लैंड की टीम को उसी के अंदाज में पटखनी दी है। राजकोट में खेले गए सीरीज के तीसरे मैच में भारत ने इंग्लैंड को 434 रन से हराया है। ये भारतीय क्रिकेट टीम की टेस्ट क्रिकेट में रनों के हिसाब से सबसे बड़ी जीत है।

मैच में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन भारत का यह फैसला गलत साबित हुआ। भारतीय टीम के 3 खिलाड़ी महज 33 रन के स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद कप्तान रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा ने पारी को संभाला और चौथे विकेट के लिए 204 रनों की साझेदारी की। रोहित ने 131 रनों की पारी खेली, वहीं जडेजा ने 112 रन बनाये। अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे सरफराज खान ने भी जमकर रन बटोरे और 62 रनों की पारी खेली। भारतीय टीम ने पहली पारी में 445 रन बनाये।

इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों ने पहली पारी में आक्रामक बल्लेबाजी की। बेन डकेट ने तेजी से रन बनाकर भारतीय गेंदबाजों को दबाव में ला दिया। डकेट ने 153 रनों की पारी खेली। डकेट के आउट होने के बाद अन्य इंग्लिश बल्लेबाज लंबी पारी नहीं खेल सके। भारतीय गेंदबाजों ने इंग्लैंड की पारी को 319 रनों पर रोक दिया और 126 रनों की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में भी भारतीय बल्लेबाजों ने जबरदस्त बल्लेबाजी की। यशस्वी जायसवाल ने दूसरी पारी में नाबाद 214 रन बनाये, वहीं शुभमन गिल (91) और सरफराज खान (68) ने अर्धशतक लगाये। यशस्वी और सरफराज ने पांचवें विकेट के लिए 26.2 ओवरों में 172 रन जोड़े। भारत ने 4 विकेट पर 430 रन बनाकर पारी घोषित की।

जीत के लिए मिले 557 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम अपनी बैजबॉल रणनीति के विपरीत डिफेंसिव खेलती हुई नजर आयी, लेकिन भारतीय स्पिनरों के सामने इंग्लिश बल्लेबाज ज्यादा देर तक क्रीज पर टिक नहीं पाये। इंग्लैंड की टीम महज 122 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

- रनों के लिहाज से ये भारत की टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ी जीत है।
- इससे पहले भारत ने न्यूजीलैंड को 372 रन से हराया था।
- रवींद्र जडेजा ने दूसरी बार एक टेस्ट मैच में शतक बनाया और पारी में 5 विकेट लिए हैं।
- यशस्वी जायसवाल ने दूसरी पारी में 12 छक्के लगाकर वसीम अकरम के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की।

सदरलैंड ने महिला क्रिकेट में बनाया दोहरा शतक

पर्थ, ऑस्ट्रेलिया की दिग्गज महिला क्रिकेटर एनाबेल सदरलैंड ने महिला टेस्ट क्रिकेट में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सदरलैंड ने ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए टेस्ट मैच में दोहरा शतक बनाया। ये महिला टेस्ट क्रिकेट के इतिहास का सबसे तेज दोहरा शतक है। इससे पहले यह रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की ही केरेन रोल्टन के नाम दर्ज था। सदरलैंड ने 248 गेंदों में दोहरा शतक पूरा किया। सदरलैंड ने इस पारी में 256 गेंदों में 27 चौके और 2 छक्कों की मदद से 210 रन बनाये।

एथलीट रचना कुमारी पर लगा 12 वर्ष का प्रतिबंध

नई दिल्ली, भारत की महिला तार गोला फेंक खिलाड़ी रचना कुमारी पर 12 वर्ष का प्रतिबंध लगाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय एथेलेटिक्स महासंघ की एथेलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने रचना कुमारी पर कई बार डोप टेस्ट में विफल रहने के कारण यह प्रतिबंध लगाया है। (एआईयू) ने कहा कि रचना कुमारी के प्रतियोगिताओं से इतर लिए गए डोप सैंपल में स्टेरॉयड स्टैनोजोलोल, मेंटाडिएनोन, डीहाइड्रोक्लोरोमिथाइल, टेस्टोस्टेरोन और क्लेनब्यूटेरोल जैसे प्रतिबंधात्मक तत्व पाए गए है।

एशियन इंडोर एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप

भारत ने जीते तीन स्वर्ण सहित चार पदक

तेहरान, भारतीय एथलीटों ने ईरान में आयोजित एशियन इंडोर एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण और एक रजत सहित कुल 4 पदक जीते हैं। प्रतियोगिता में भारत को पहला स्वर्ण पदक लंबी दूरी की धाविका हरमिलन बैंस ने दिलाया। एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता हरमिलन ने महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ में यह स्वर्ण पदक हासिल किया। हरमिलन ने स्पर्धा में 1500 मीटर दौड़ 4 मिनट 29.55 सेकेंड में पूरी की।

तेजिंदर ने गोला फेंक में जीता स्वर्ण

भारत के शीर्ष गोला फेंक खिलाड़ी तेजिंदर पाल सिंह तूर ने एक बार फिर गोला फेंक खेल में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए स्वर्ण पदक जीता है। दो बार के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता तेजिंदर ने अपने दूसरे प्रयास में 19.72 मीटर की दूरी तय कर स्पर्धा में पहला स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा के दौरान तेजिंदर ने नया राष्ट्रीय इंडोर रिकॉर्ड बनाया। इस स्पर्धा में कजाकिस्तान के इवानोव इवान ने 19.08 मीटर के साथ रजत और ईरान के मेंहदी सबेरी ने 18.74 मीटर के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

ज्योति ने बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

प्रतियोगिता में भारत को तीसरा स्वर्ण पदक ज्योति याराजी ने दिलाया। ज्योति ने महिलाओं की 60 मीटर बाधा दौड़ में अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। ज्योति ने 60 मीटर बाधा दौड़ स्पर्धा में 8.12 सेकेंड का समय लेकर जीत दर्ज की। इस स्पर्धा में ज्योति ने जापान की तेराडा असुका (8.21 सेकेंड) और हांग कांग की लाइ यूई लुई (8.26 सेकेंड) को पछाड़ा। इनके अलावा अंकिता ध्यानी ने महिलाओं की 3000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता।

जेनिक सिनर ने जीता रॉटरडम ओपन

रॉटरडम, इटली के टेनिस खिलाड़ी जेनिक सिनर ने रॉटरडम ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। रॉटरडम ओपन के फाइनल में जेनिक सिनर ने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डि मिनॉर को सीधे सेटों में 7-5, 6-4 से हराया। मैच का पहला सेट बेहद रोमांचक रहा। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। पहले सेट में स्कोर बराबर होने पर विजेता का फैसला टाइब्रेकर से हुआ। टाइब्रेकर में सिनर ने जीत दर्ज की। दूसरे सेट में भी सिनर ने बेहतरीन खेल दिखाया और 6-4 से सेट अपने नाम किया।

मोहम्मद नबी बने विश्व के नंबर बन ऑलराउंडर

दुबई, अफगानिस्तान के अनुभवी खिलाड़ी मोहम्मद नबी ने आईसीसी द्वारा जारी वन-डे ऑलराउंडर रैंकिंग में बांग्लादेश के शाकिब अल हसन के लंबे समय से चले आ रहे दबदबे को खत्म कर दिया है। नबी वन-डे ऑलराउंडर रैंकिंग में 312 रेटिंग अंकों के साथ पहले पायदान पर आ गए हैं, वहीं शाकिब अल हसन (310) दूसरे स्थान पर हैं।

आईपीएल-2024

क्रिकेट का रोमांच 22 मार्च से होगा शुरू

मुंबई, विश्व की सबसे लोकप्रिय फ्रेंचाइज क्रिकेट टूर्नामेंट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें संस्करण की शुरुआत 22 मार्च से होगी। आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने बताया कि आईपीएल-2024 का पूरा सीजन भारत में ही खेला जाएगा।

आम चुनाव (लोकसभा चुनाव) के कारण आईपीएल का आयोजन बाधित नहीं होगा। धूमल ने कहा कि अभी आईपीएल के शुरुआती 21 मैचों का शेड्यूल ही जारी किया गया है। शेष मैचों का शेड्यूल लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद किया जाएगा।

यह चौथा अवसर है जब आम चुनाव और आईपीएल का आयोजन एक ही समय पर हो रहा है। इससे पहले वर्ष 2009 में आम चुनाव के दौरान आईपीएल का पूरा सत्र दक्षिण अफ्रीका में आयोजित किया गया था, जबकि वर्ष 2014 में आम चुनाव के कारण आईपीएल के शुरुआती 20 मैच यूएई में खेले गए थे। वर्ष 2019 में आम चुनावों के बावजूद आईपीएल के सारे मैच भारत में ही खेले गए थे।

ट्वेंटी-20 विश्वकप में रोहित होंगे भारतीय टीम के कप्तान

मुंबई, वेस्टइंडीज और अमेरिका में इस वर्ष खेले जाने वाले आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप में रोहित शर्मा ही भारतीय क्रिकेट टीम की कमान संभालेंगे। यह जानकारी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने दी। जय शाह ने कहा कि ट्वेंटी-20 विश्वकप में बारबाडोस (फाइनल का स्थान) में हम रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत का झंडा गाड़ेंगे। उल्लेखनीय है कि क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप (ट्वेंटी-20) में हार्दिक पंड्या भारतीय टीम के कप्तान हैं। वन-डे विश्वकप-2023 के फाइनल में हार के बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली ने ट्वेंटी-20 विश्वकप में खेलने की इच्छा जाहिर की है।

बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप

महिला वर्ग में भारतीय टीम चैम्पियन

शाह आलम, भारत की महिला शटलरों ने बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए देश का परचम लहरा दिया है। भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप में पहली बार स्वर्ण पदक जीता है। पी.वी. सिंधु की अगुवाई वाली भारतीय महिला टीम ने चैम्पियनशिप के फाइनल में दो बार की कांस्य पदक विजेता थाइलैंड की टीम को 3-2 से हराया।

चोटिल होने के कारण काफी समय से मैदान से बाहर रहने वाली पी.वी. सिंधु ने फाइनल के पहले एकल मुकाबले में आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया और विश्व की 17वें नंबर की खिलाड़ी सुपानिदा काटेथोंग को 21-12, 21-12 से एकतरफा अंदाज में हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। फाइनल में त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने भी युगल वर्ग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए जोंगकोलफान किंतिथाराकुल और राविडा प्राजोंगजई की जोड़ी को 21-16, 18-21, 21-16 से मात दी।

- भारत ने पहली बार बैडमिंटन एशिया कप में महिला वर्ग में पदक जीता है।
- इस टूर्नामेंट में भारत की पुरुष बैडमिंटन टीम वर्ष 2016 और 2020 में कांस्य पदक जीत चुकी है।

इसके बाद दूसरे एकल मुकाबले में भारत की युवा खिलाड़ी अस्मिता चालिहा को हार का सामना करना पड़ा। अस्मिता को बुसानन ओंगबामरूंगफान ने 21-11, 21-14 से हराया, वहीं दूसरे युगल मुकाबले में श्रुति मिश्रा और प्रिया कोंजेंगबाम की जोड़ी को थाइलैंड की बेन्यापा ऐम्सार्ड और नुनटाकर्न ऐम्सार्ड की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद स्कोर 2-2 से बराबर हो गया।

आखिरी मुकाबले में भारत को जीत दिलाने का दारोमदार 17 वर्षीय खिलाड़ी अनमोल खरब के कंधों पर आ गया। अनमोल ने थाइलैंड की पोर्नपिचा चोइकीवोंग को 21-14 , 21-9 से हराकर भारत को स्वर्णिम जीत दिलाई।

कतर ओपन

ईगा स्वितेक ने जीता खिताब

दोहा, पोलैंड की महिला टेनिस खिलाड़ी ईगा स्वितेक ने कतर ओपन में महिला एकल वर्ग का खिताब जीत लिया है। स्वितेक ने महिला एकल वर्ग के फाइनल में कजाकिस्तान की एलिना रिबाकिना को दो घंटे 19 मिनट तक चले मुकाबले में 7-6 (10-8), 6-2 से हराया।

मैच के पहले सेट में स्वितेक को लय हासिल करने के लिए शुरुआत में संघर्ष करना पड़ा। मुकाबले में एक समय रिबाकिना 4-1 से आग थी, लेकिन स्वितेक ने जबरदस्त वापसी करते हुए लगातार अंक अर्जित किए। पहला सेट टाइब्रेकर में गया। टाइब्रेकर में स्वितेक इस सेट को 10-8 से जीतने में कामयाब रही। दूसरे सेट में स्वितेक ने रिबाकिना को वापसी का कोई मौका नहीं दिया और 6-2 के अंतर से सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया।

- ईगा स्वितेक के टेनिस कॅरियर का यह 18वां और इस वर्ष का पहला खिताब है।
- स्वितेक ने वर्ष 2022 और 2023 में भी जीता था कतर ओपन।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

रायसीना डायलॉग में बोले विदेश मंत्री

'लातविया यूक्रेन के साथ खड़ा है, संकट में जरूरी मदद भी'

लातविया के विदेश मंत्री क्रिसजानिस कारिन्स भारत दौरे पर हैं। इस यूरोपीय देश के विदेश मंत्री रायसीना डायलॉग में शिरकत करने पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि लातविया यूक्रेन के साथ मजबूती से खड़ा है और संकट के समय जरूरी मदद भी मुहैया कराई जा रही है। लातविया के विदेश मंत्री क्रिस्जानिस कैरिन्स ने रायसीना डायलॉग में कहा कि रूसी आक्रमण के खिलाफ यूक्रेन की मदद के लिए लातविया हमेशा तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार यूक्रेन की मदद के लिए हथियार मुहैया करा रही है। लातविया यूक्रेन को मानवीय और वित्तीय मदद भी मुहैया करा रहा है।

US में मोबाइल नेटवर्क ठप होने से हड़कंप, फ्लोरिडा के सीनेटर ने चीनी साइबर हमले को लेकर चेताया

अमेरिका में एटीटी के नेटवर्क डाउन होने के बाद बड़े पैमाने पर आउटेज की सूचना मिली है। कई जगहों पर इंटरनेट सेवा ठप है। नेटवर्क कंपनियों का कहना है कि सेवा को बहाल करने की कोशिश की जा रही है। बड़े पैमाने पर हुए सेलुलर आउटेज पर फ्लोरिडा के सीनेटर मार्को रुबियो ने चीनी साइबर हमले को चेताया है। उनका कहना है कि अगर चीन ताइवान पर हमला करते हुए साइबर हमला शुरू करता है तो हालात और खराब हो सकते हैं।

अमेरिकी निजी कंपनी ने चांद पर रखा कदम, नोवा-सी लैंडर की मून पर पहली वाणिज्यिक लैंडिंग

इंटुएटिव मशीन्स चंद्रमा पर लैंडिंग करने वाली वाणिज्यिक कंपनी बन गई है। गौरतलब है कि यह भारत के चंद्रयान-3 के बाद चांद की सतह पर पहुंचा है। अमेरिकी कंपनी इंटुएटिव मशीन्स ने यह चमत्कार किया है। इंटुएटिव मशीन्स का नोवा-सी लैंडर चांद पर पहुंचा है, जिसके रॉकेट का नाम ओडीसियस अंतरिक्ष यान है।

सऊदी और दुबई जाने के लिए अब 96 घंटे का मुफ्त वीजा

सऊदी के स्थापना दिवस पर शीर्ष अधिकारी ने कहा कि पिछले साल सऊदी अरब आने वाले भारतीयों की संख्या में 50 प्रतिशत उछाल दर्ज किया गया। भारतीय पर्यटकों के लिए 96 घंटे का मुफ्त वीजा योजना का जिक्र करते हुए अलहसन अल्दाबाग ने कहा, स्टॉप ऑवर कार्यक्रम के तहत सऊदी आने पर 96 घंटे के लिए मुफ्त वीजा दिया जाएगा।

तुर्किए ने बनाया पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान

तुर्किए ने पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाने में सफलता हासिल की है। तुर्किए उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है, जिन्होंने पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान बनाया है। यह तुर्किए के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जिसे लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह है। तुर्किए ने साल 2016 में खुद का फाइटर जेट बनाने के लिए TF-X प्रोजेक्ट की शुरुआत की थी। TUSAS के पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट ने उत्तरी अंकारा एयर बेस से सफल उड़ान भरी।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया

जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए गरीबों, किसानों युवाओं और महिलाओं का सशक्तिकरण आवश्यक

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जम्मू में विकास परियोजनाओं के उद्घाटन अवसर पर अभिवादन करते हुए

- पिछले 10 वर्षों में देश में जम्मू-कश्मीर में 50 नए डिग्री कॉलेजों, स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय खुले हैं
- 45 हजार नए बच्चे जो स्कूलों में नहीं जाते थे, उन्हें प्रवेश दिया गया है
- आज स्कूल उन्नत हो गए हैं

जम्मू कश्मीर निराशा और अलगाववाद के दिनों को पीछे छोड़कर विकसित बनने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू में 32 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं के उद्घाटन अवसर पर कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से शिक्षा, कौशल, रोज़गार, स्वास्थ्य, उद्योग और कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर कई पीढ़ियों से वंशवादी राजनीति का शिकार रहा है, जहां लोगों के कल्याण की पूरी तरह से उपेक्षा की गई और युवाओं को भारी नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि ऐसी सरकारें युवाओं के लिए नीतियां बनाने को मुश्किल से ही प्राथमिकता देती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा जो अपने परिवार के कल्याण के बारे में सोचते हैं वे नागरिकों के बारे में नहीं सोचेंगे।

मोदी की गारंटी का मतलब पूरा होने की गारंटी

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित जम्मू-कश्मीर बनाने के लिए सरकार का ध्यान गरीबों, किसानों, युवाओं और नारी शक्ति पर है। उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर तेजी से शिक्षा और कौशल विकास का एक प्रमुख केंद्र बन रहा है। 2013 में जम्मू-कश्मीर में आईआईटी और आईआईएम की गारंटी की बात को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह गारंटी आज पूरी हो रही है इसीलिए लोग कहते हैं, 'मोदी की गारंटी का मतलब गारंटी के पूरा होने की गारंटी है।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 2014 में 4 से बढ़कर 12 हो गई है। 2014 में 500 की तुलना में 1300 से अधिक एमबीबीएस सीटें और 2014 में शून्य की तुलना में पीजी मेडिकल सीटें 650 से अधिक हो गई है।

जम्मू कश्मीर अस्तित्व में आ रहा है

प्रधानमंत्री ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बारे में कहा कि एक नया जम्मू कश्मीर अस्तित्व में आ रहा है क्योंकि इसके विकास में सबसे बड़ी बाधा दूर हो गई है और क्षेत्र संतुलित विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। अब कोई भी पीछे नहीं रहेगा और जो लोग दशकों से उपेक्षित महसूस करते थे वे अब एक प्रभावी सरकार की उपस्थिति महसूस कर सकते हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि देश में वंशवाद और तुष्टिकरण की राजनीति को त्यागने वाली एक नई लहर उभरी है। केंद्र शासित प्रदेश के माहौल में सकारात्मक बदलाव को लेकर कहा कि जम्मू-कश्मीर के युवा विकास का बिगुल बजा रहे हैं और अपना भविष्य बनाने के लिए आगे बढ़ रहे हैं।

भारत से थाइलैंड पहुंचे भगवान बुद्ध के अवशेष शाही महल में प्रदर्शित

भगवान बुद्ध और उनके करीबी शिष्यों के अवशेष को थाइलैंड की पवित्र यात्रा पर ले जाया गया। थाइलैंड में भारतीय राजदूत श्री नागेश सिंह ने इसे दोनों देशों के बीच जुड़ाव के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह भारत-थाइलैंड संबंधों के लिए एक ऐतिहासिक घटना है। बौद्ध धर्म, हिंदू धर्म और भाषा के संबंध को देखते हुए थाइलैंड एक करीबी देश है। गौरतलब है कि थाइलैंड की 90 प्रतिशत आबादी बौद्ध है। थाइलैंड में भारतीय राजदूत नागेश सिंह ने कहा कि ये अवशेष भगवान बुद्ध के जीवित अवतार हैं। अवशेष 22 फरवरी को थाइलैंड पहुंचे। यह सभी अवशेष थाइलैंड के प्रधानमंत्री के शाही महल के मैदानों में स्थापित किया जाना है। इसके बाद फिर अवशेष कलश चियांग माई उत्तरी शहर का भ्रमण करेंगे। श्री नागेश ने कहा कि हमें उम्मीद है कि लाओस, कंबोडिया, म्यांमार से लोग श्रद्धांजलि देने थाइलैंड पहुंचेंगे।

22 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल जायेगा थाइलैंड

बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में 22 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 26 दिवसीय प्रदर्शनी के लिए भारत से पवित्र अवशेषों के साथ थाइलैंड पहुंचा। इसमें कुशीनगर, औरंगाबाद, लद्दाख के भिक्षु, संस्कृति मंत्रालय के अधिकारी, मध्यप्रदेश सरकार, राष्ट्रीय संग्रहालय के क्यूरेटर, कलाकार और विद्वान शामिल हैं।

भारत और अमेरिका सह-विकास के मामले में दुनिया के लिए बनें आदर्श

भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने दिल्ली और वाशिंगटन के बीच संबंधों की सराहना की। साथ ही कहा कि दोनों देशों को सह-विकास पर मजबूती से काम करके दुनिया के लिए आदर्श बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच केवल जोड़ने वाले नहीं, बल्कि बहुआयामी संबंध होने चाहिए।

सह-उत्पादन व सह-विकास के अंतर को समझाते हुए गार्सेटी ने कहा हमें अपनी शर्तों के साथ स्पष्ट होना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि जिसकी भारत और इसकी सेना को जरूरत है और कुछ ऐसा जो अमेरिका को चाहिए और वे सब कहां से मिल सकते हैं और हम कितनी जल्दी सह-विकास को देख सकते हैं और दुनिया के लिए आदर्श बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज जो पढ़ाया जाता है, वह सदियों पहले भारत में खोजा गया था।

भारत-अमेरिका ने रक्षा क्षेत्र में उत्पादन बढ़ाने पर की चर्चा

इंडस-एक्स शिखर सम्मेलन

अमेरिका और भारत अपने संबंधों को और मजबूत करने के लिए लगातार चर्चा कर रहा है। रक्षा मंत्रालय और अमेरिकी रक्षा विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित दूसरे भारत-अमेरिका रक्षा एसिलेरेशन इकोसिस्टम शिखर सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक के दृष्टिकोण का समर्थन करने के लिए सैन्य अंतर-क्षमता बढ़ाने पर चर्चा की। एक हाइब्रिड सूचना सत्र भी हुआ। अमेरिकी रक्षा विभाग ने कहा, पैनल प्रतिभागियों ने सहयोग एजेंडे से प्रेरित कई विषयों पर विस्तार से चर्चा की, जैसे- रक्षा औद्योगिक साझेदारी, सहयोगी अनुसंधान और परीक्षण सुविधा बढ़ाना, महत्वपूर्ण रक्षा प्रौद्योगिकियों के समर्थन के लिए निजी पूंजी जुटाना और दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियों का व्यवसायीकरण। अमेरिकी और भारतीय रक्षा स्टार्ट-अप के लिए निर्यात नियंत्रण पर एक हाइब्रिड सूचना सत्र का भी नेतृत्व किया, जिसका उद्देश्य साझेदारी और सह-विकास प्रौद्योगिकी करना है।

भारतीय सेना सीमा पर तैनात है

भारत के रक्षा सचिव श्री गिरिधर अरमाने ने कहा है कि चीन दादागिरी कर रहा है और भारतीय सेना बॉर्डर पर डटकर उसका सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि लद्दाख में मई 2020 में चीन के साथ हुए संघर्ष के बाद से अमेरिका ने खुफिया जानकारी और इक्विपमेंट के जरिए हमारी काफी मदद की है।

चीन के अनुसंधान जहाज के साथ भारत-श्रीलंका के जहाज भी पहुंचे मालदीव

हिंद महासागर में एक महीना गुजारने के बाद चीनी अनुसंधान जहाज मालदीव के पास पहुंच गया है। भारत ने चीनी अनुसंधान जहाज की आवाजाही को लेकर चिंता व्यक्त की थी। खबरों के मुताबिक भारत ने श्रीलंका पर इस बात का दबाव भी बनाया था कि इस जहाज को कोलंबो बंदरगाह पर खड़ा करने की अनुमति न दी जाए। रिपोर्ट के मुताबिक उच्च तकनीक वाला जहाज 'जियांग यांग होंग 03' उसी दिन मालदीव पहुंचा जब भारतीय और श्रीलंकाई तटरक्षक दल के जहाज त्रिपक्षीय नौसैनिक अभ्यास के लिए मालदीव पहुंचे हैं।

14 जनवरी को शुरू हुआ था सफर

पीटीआई के अनुसार चीनी शोध जहाज थिलाफुशी के पास देखा गया। अधाधू डॉट कॉम के मुताबिक जहाज की यात्रा 14 जनवरी को शुरू हुई थी। मालदीव के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र के पास करीब एक महीना बिताने के बाद जहाज माले पहुंचा। 22 जनवरी के बाद जहाज आम ट्रैकिंग वेबसाइट पर नहीं दिखने की खबरें भी आईं इसके मुताबिक चीनी जहाज जब इंडोनेशिया में था तो इसके ट्रैकिंग सिस्टम को बंद कर दिया गया था।

जहाज के मूवमेंट का विश्लेषण

चीन के अनुसंधान जहाज के मालदीव आने पर पीटीआई के मुताबिक उपग्रह एआईएस ट्रैकिंग का उपयोग कर अधाधु ने चीनी जहाज- 'जियांग यांग होंग 03' के सफर का विश्लेषण किया। चीनी जहाज बाद में मालदीव के ईईजेड पर था।

महासागरों से डेटा जुटा रहा है ड्रैगन

चीन का यह जहाज जियांग यांग होंग 03 के संबंध में अमेरिकी थिंक-टैंक ने गंभीर आरोप लगाए हैं। अमेरिका का कहना है कि चीन के 'वैज्ञानिक अनुसंधान' जहाजों का एक विशाल बेड़ा सैन्य मकसद से हिंद महासागर क्षेत्र सहित महासागरों से डेटा जुटा रहा है। विशेष रूप से पनडुब्बी का संचालन किया जा रहा है।

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक - संदीप यादव, मुद्रक - संदीप यादव द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।